3 page 1_01.qxd 11/2/2023 10:18 PM Page 1



मन की शांति के लिए सोहना आए पूर्व राष्ट्रपति ......

P2


दैनिक

# भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की


हरियाणा ऑर्बिट रेल कॉरिडोर के सेक्शन ए के लिए ...

P3



वर्ष:1 ■ अंक: 55 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शुक्रवार ■ 3 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

**अंत्योदय महासम्मेलन : केन्द्रीय गृह मंत्री बोले , हरियाणा किसानों व वीरों की भूमि, नौ साल में मनोहर लाल ने किये बेहतरीन कार्य**

# हरियाणा से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व क्षेत्रवाद को किया खत्म : शाह

- कहा, केन्द्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में हरियाणा को दिए हैं 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व क्षेत्रवाद की राजनीति को खत्म किया है। विकास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हरियाणा प्रदेश को पिछले 9 वर्षों में 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है जबकि इससे पहले कांग्रेस के 10 सालों के कार्यकाल में केवल 40 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई। वह आज हरियाणा गठन के 57 वर्ष पूरे होने पर दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। हरियाणा की पावन धरती को प्रणाम करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा किसानों व वीरों की भूमि है। यहां पर किसान देश का अन्न भंडारण भरता है तो वहीं जवान सीमाओं की रक्षा करता है।





**इससे पहले 10 सालों में केवल 40 हजार करोड़ रुपए दिए गए**



## मनोहर लाल के कार्यों पर लगाई मोहर

अमित शाह ने मनोहर लाल की पीठ थपथपकाते हुए कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने बड़ा परिवर्तन लाते हुए इसे एक विकसित राज्य बनाने का काम किया। यहां से भ्रष्टाचार को समाप्त करना, कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखना एक कठिन चुनौती थी जिसे बखूबी तरीके से पूरा किया गया।

## अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ 22 जनवरी को





उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर के निर्माण को वर्षो तक लटकाये रखा। हरियाणा की जनता ने बीजेपी के पक्ष में दूसरी बार जनाधार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता सौंपी और अब वे 22 जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे आज हरियाणा द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठाते हुए 22 जनवरी को इस भव्य कार्यक्रम के गवाह बने। अमित शाह ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की बीजेपी सरकार ने देश व प्रदेश दोनों को गत 9 वर्षों में विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 9 सालों में 7 आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 700 मेडिकल कॉलेज और 54 हजार किलोमीटर लम्बे नेशनल हाईवे जैसे विकासात्मक परियोजनाएं दी है, उसी तर्ज पर हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 77 नए कॉलेज, 13 विश्वविद्यालय, 8 मेडिकल कॉलेज, 2 नए एयरपोर्ट, 16 नए अस्पताल के साथ-साथ 28 हजार किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का जाल बिछाया है। अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल बधाई के पात्र है कि चाहे सरकार की वर्षगांठ हो या हरियाणा दिवस की स्थापना का अवसर हो हर अवसर को गरीब कल्याण के उद्देश्य से मनाते इससे अच्छा तरीका कोई हो नहीं सकता।

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बड़ी घोषणा**

# एक जनवरी से बुजर्गों को मिलेगी तीन हजार पेंशन





- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने धारा 370, 35ए को खत्म करने जैसे कई साहसिक फैसले लिए

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 1 जनवरी, 2024 से प्रदेश में सामाजिक पेंशन के लाभार्थियों को 3 हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। वर्तमान में यह पेंशन राशि 2750 रुपये है। वह हरियाणा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में करनाल में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंत्योदय महासम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का दानवारी कर्ण की नगरी में पधारने पर उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कहा कि आज का दिन कई प्रकार से विशेष है। कल ही 1 नवंबर को हरियाणा का 58वां स्थापना दिवस मनाया गया है और 26 अक्तूबर को हरियाणा सरकार ने 9 वर्ष पूरे किए हैं।

## मोदी, शाह पटेल के अधूरे कामों को कर रहे पूरा

सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि अमित शाह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर देशभर में पार्टी का जो तानाबाना बुना और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, सबसे मजबूत पार्टी का गौरव प्राप्त हुआ, इससे आपकी क्षमता व सुदृढ़ता का परिचय मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री के तौर पर अमित शाह ने कई साहसी निर्णय लिये हैं। जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 व 35 ए को निरस्त करने का आपने काम किया है। इससे सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद आती है। उन्होंने कहा कि पटेल ने देश को एकता व अखंडता में पिरोने का काम किया,कुछ काम बच गया था, जिसे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने पूरा किया।

इन 9 वर्षों में राज्य सरकार ने प्रदेश के पंक्ति में खड़े हुए अंतिम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी इत्यादि, जिनकी सालाना आय बहुत कम है, उनके कल्याण के लिए विशेष योजनाएं चलाई हैं। आज का यह अंत्योदय महासम्मेलन इन योजनाओं का ही एक प्रमाण है।



## वर्तमान सरकार ने इन व्यवस्थाओं को बदला



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 9 वर्ष पहले की सराकरों के कार्यकाल में प्रदेश में निराशा, अवसाद, भाई भतीजावाद का माहौल था। बिचौलिये काम करते थे और जाति और वर्ग का बोलबाला था। हमारी सरकार ने इन सारी व्यवस्था को बदलने का काम किया है। हालांकि, विपक्ष के लोग जातिवाद राजनीति की बातें आज भी करते हैं। सब पार्टियां अलग-अलग जातियों के उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणाएं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस देश की आस्था हमारे लोकतंत्र में है, लेकिन ये पार्टियां उस लोकतंत्र की आस्था को बिगाड़ रही हैं। हमारी सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। हमने आईटी का उपयोग कर ई-गवर्नेंस के नाते से आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। हमारी सरकार ने कभी भी बिचौलियों का सहारा नहीं लिया। इतना ही नहीं, हमने जनता को दस्तावेज, दफ्तर और दरख्वास्त से निजात दिलाई। वर्ष 2014 में सरकार बनाते ही हमने हरियाणा एक-हरियाणवी का नारा और दिया और उसी पर चलते हुए विभिन्न कार्य किए। आज का यह अंत्योदय महासम्मेलन अंतिम के उदय का ही दर्शन है।

## कांग्रेस ने गरीबों के साथ 420 का खेल खेला

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया। कभी 4 सूत्रीय कार्यक्रम, कभी 20 सूत्रीय कार्यक्रम चलाए। असल में वे लोग गरीबों के साथ 420 का खेल खेलते रहे। अब जनता उनके बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले के शासन में सरकार जनता को लूटती भी थी और कूटती भी थी। लेकिन हमने प्रदेश की लगभग 2.83 करोड़ लोगों को अपने परिवार का हिस्सा मान कर उनके कल्याण के लिए काम किया। हमने केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने का काम किया।



# दिल्ली के 100 रुपए हरियाणा में 1.25 सौ पहुंचाते हैं मनोहर लाल : नायब सैनी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने किया धन्यवाद**

**दानवीर** कर्ण की नगरी करनाल में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की ओर से दी गई योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया। केंद्र की योजना का हरियाणा को लाभ मिलना है। केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर काम किया। अगर दिल्ली से 100 पहुंचते हैं तो मुख्यमंत्री सवा सौ करके लोगों तक पहुंचाते हैं।



त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा प्रभारी व सांसद बिप्लब कुमार देब के दिल्ली आवास पर हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता एवं प्रदेश संगठन महामंत्री फनींद्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में आयोजित संगठनात्मक बैठक में पार्टी की आगामी गतिविधियों, संगठनात्मक विषयों एवं कार्ययोजना के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश के महामंत्री भी उपस्थित रहे।




## खबर फटाफट

### देश की माटी कर्तव्य भाव की याद दिलाएगी : राघव

**सोहना :** गांव खेड़ला के भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़लिया का कहना है कि यह वह माटी है, जो देश के कोने-कोने से आत्मीयता और आध्यात्मिक हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है। इस मिट्टी की सौंगध खाकर हमारे वीरों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। देश भर के कोने-कोने से जो मिट्टी दिल्ली पहुंची है, वह हमें कर्तव्य भाव की याद दिलाती रहेगी। यह विकसित भारत के हमारे संकल्प के सिद्धि के लिए और अधिक मेहनत को प्रेरित करती रहेगी। पूरे देश में 2 वर्ष तक चला अमृत महोत्सव अभियान पूरी तरह बलिदानियों के प्रति समर्पित रहा। सही मायने में मेरी माटी-मेरा देश अभियान मां भारती की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करना था। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वीरों, शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों की देश के लिए दी गई शहादत की यादें ताजा होगी।

### भाजपा ने डमी व्यक्ति को बनाया प्रदेशाध्यक्ष : गुर्जर

**सोहना :** कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष बदले जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में अंदरूनी तौर पर बनी गुटबाजी और कुर्सी के लिए चल रही लड़ाई के बीच ओमप्रकाश धनखड़ की कुर्सी छीनकर उन्हे इस पद से हटाते हुए मुख्यमंत्री के चहेतों में से एक डमी व्यक्ति को प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। आज देश व प्रदेश में बदलाव की लहर के चलते लोग भाजपा की दोगली नीतियों की पहचान कर घर बैठाने का मन बनाए है। भाजपा चाहे पार्टी संगठन में कितना भी बदलाव कर ले, लोग अब भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाले हैं। उन्होंने दावा जताया कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल कर दोबारा से सत्ता में आएगी। तब जुमले वाली सरकार के लिए गए घोटालों की जांच बैठाई जाएगी।

### सरकारी ताकतें विपक्षी नेताओं का आईफोन कर रही हैक : कुलदीप

**सोहना :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता कुलदीप गुर्जर रामगढ़ ने विपक्षी दलों के कई बड़े नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा, तृणमुल सांसद मउआ मोहत्रा, समाजवार्टी पाटी प्रमुख अखिलेश यादव, सांसद राहुल गांधी व अससुदीन ओवेशी के सहयोगियों समेत विपक्ष के एक दर्जन से ज्यादा नेताओं को एप्पल कंपनी की तरफ से सरकारी ताकतों द्वारा आईफोन हैक किए जाने के जारी किए गए अलर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा होने से लोकतंत्र के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी दलों के बड़े नेताओं के फोन हैक कराने और खुफिया एजेंसी जासूसी करने से बाज नही आ रही है लेकिन देश की जनता सब जानती है। उन्हे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा को घर बैठाने और कांग्रेस को दोबारा से सत्ता में लाने का काम करेगी।

### गांव बंधवाड़ी में लगा 20 लाख टन कूड़े का पहाड़ : खटाना

**सोहना :** कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता सूरज खटाना दमदमिया का कहना है कि गांव बंधवाड़ी स्थित कूड़ा निस्तारण संयंत्र वाली साइट पर बीस लाख टन कूड़े का पहाड़ जमा है, जो बढ़कर 88 फुट ऊंचा हो गया है। हाल ही में आईजी ड्रोन कंपनी से कराए गए ड्रोन सर्वे में सामने आया कि कूड़े के सबसे ऊंचे ढेर की ऊंचाई 27 मीटर यानि 88 फुट हो गई है। प्रतिदिन करीब 2 हजार टन और हर महीने 60 हजार टन ताजा कूड़ा बंधवाड़ी पहुंच रहा है। ऐसे में कूड़े के पहाड़ खत्म होने की बजाय और ज्यादा ऊंचा हो रहा है। उन्होंने बताया कि बंधवाड़ी में कूड़े का पहाड़ बनने तथा दस साल से कूड़े के निपटान के लिए प्लांट नही लगने और अरावली वनक्षेत्र में लीचेट फैलने से पर्यावरण नुकसान को लेकर एनजीटी ने नगरनिगम पर 100 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया, लेकिन फिर भी हालात नही सुधरे। इस मामले में एनजीटी में आगामी 7 नवंबर को सुनवाई होनी है।

### सभी पंजाबी संगठनों को एक छत के नीचे लाना स्वागत योग्य हरीश नंदा

**सोहना :** यहां पर पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने पंजाबियों को एकजुट करने के लिए राज्य के सभी पंजाबी संगठनों को एक छत के नीचे लाने के लिए समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है और इसे पंजाबी समाज के हित में लिया गया अभूतपूर्व फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि सभी पंजाबी संगठनों को चाहिए कि वह एक छत के नीचे आकर अपने समाज के हितों के लिए प्रभावशाली तरीके से लड़ाई लड़े ताकि हर क्षेत्र में उन्हे उनकी आबादी के हिसाब से समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने कहा कि पंजाबियत, इंसानियत व रूहानियत एक ही शब्द के पर्यायवाची है। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

### अमृत महोत्सव मनाकर दिया अनेकता में एकता का संदेश : सतेंद्र

**सोहना :** गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार का कहना है कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में दो वर्ष चलने पर लोगों ने अमृत महोत्सव को जातपात, पार्टीबाजी, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर धूमधाम से मनाते हुए वीरों और शहीदों को नमन किया। साथ ही उन्होंने वीरों का वंदन करते हुए कहा है कि मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा और अमृत महोत्सव के समापन पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ पर देश भर के 6 लाख गांवों से जमा की गई मिट्टी से अमृत वाटिका तथा अमृत महोत्सव स्मारक का शिलान्यास होना गौरव भरी बात है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वीरों, शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों की देश के लिए दी गई शहादत की यादें ताजा होगी।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दी जाए मुफ्त वाहन टोल सुविधा

**सोहना :** स्थानीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष व शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश गुप्ता ने सरकार से आग्रह किया है कि पत्रकारों के वाहनों को आवाजाही के दौरान टोलप्लाजाओं पर वाहन के लिए मुफ्त टोल सुविधा उपलब्ध कराई जाए और राष्ट्रीय प्रैस दिवस पर सरकार की तरफ से उपमंडलस्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाए। शिवनगरी सोहना के उपमंडल कार्यालय में सहायक लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय खोला जाए और सभी पत्रकारों का एक्रीडेशन कर मौजूदा व्यवस्था में बदलाव किया जाए। उन्होने कहा कि एक्रीडेशन के नाम पर पत्रकारों से सौतेला व्यवहार हो रहा है। जिससे पत्रकारों में रोष है।

मन की शांति के लिए सोहना आए पूर्व राष्ट्रपति

# एकांतवास में कर रहे साधना रामनाथ कोविंद

**धम्म स्रोत में विपश्यना कोर्स के जरिए मन की शांति प्राप्त करेंगे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इन दिनों सोहना आए हुए हैं। विपश्यना कोर्स के जरिए मन की शांति के लिए साधना करने यहां आए पूर्व कोविंद इस दौरान पूरी तरह से बाहरी दुनिया से कटे रहेंगे। उनके पास ना फोन होगा और ना ही मोबाइल। इतना ही नहीं उन्हें धम्म स्त्रोत के अलावा बाहरी किसी व्यक्ति से मिलने की अनुमति भी नहीं होगी।

बता दें कि धम्म स्त्रोत सुबह 4 बजे से शौच आदि से निवृत्त होकर भोर सवेरे साढ़े 4 बजे से ध्यान साधना कक्षा प्रारंभ होगी, जो साढ़े 6 बजे तक चलेगी। निर्धारित शेडयूल के मुताबिक बीच में कुछ देर के लिए विश्राम होगा। जिसके बाद शाम तक ध्यान साधना कक्षा चलेगी।

पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद 8 नवंबर तक मन की शांति के लिए विपश्यना केन्द्र में रहेंगे। खास बात है कि इससे पहले भी पूर्व वह यहां पर विपश्यना कोर्स के जरिए मन की शांति के लिए साधना करने के लिए बीते वर्ष नवंबर महीने में और उसके बाद चालू वर्ष के मार्च महीने में आए थे। चालू वर्ष में उनका दूसरी बार आना हुआ है।

एसीपी प्रियांशु दीवान, देहात थाना पुलिस और गुप्तचर विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी केन्द्र के आसपास अपनी निगाह बारीकी से जमाए हुए है।

मालूम हो कि अरावली पर्वत की श्रंखलाओं और प्राकृतिक मनोहारी छटाओं से घिरे सोहना में बल्लबगढ़ सड़क मार्ग पर गांव रहाका में धम्म स्त्रोत आश्रम बना हुआ है। इसी स्थान पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए हैं और धम्म स्त्रोत के नाम से बने आश्रम में विश्राम के साथ मेडीटेशिन कर रहे हैं। यहां पर वह मौन धारण करके रहेंगे ताकि महात्मा बुद्ध के बताए गए शांति के रास्ते पर चल मन को शांति देते हुए प्राप्त ऊर्जा के साथ अपने काम को आगे बढ़ा सकें। बताया गया है कि कोर्स पूरा करके वह यहां से 8 नवंबर को वापिस दिल्ली लौट जाएंगे। बता दें कि धम्म स्त्रोत आश्रम सोहना में बल्लबगढ़ सड़क मार्ग पर शहर सोहना से करीब 12 किलोमीटर दूर गांव रहाका में बना हुआ है। आश्रम में किसी बाहरी व्यक्ति को जाने की हर्गिज अनुमति नहीं है। सिर्फ वही व्यक्ति अथवा परिवार ठहर पाता है, जो यहां कोर्स करने के लिए आता है।

इस संदर्भ में जानकारी लेने पर धम्म स्त्रोत आश्रम के देखरेखकर्ता ने काफी आग्रह के बावजूद कुछ भी बताने से परहेज रखा। काफी कुरदने पर केवल इतना ही बताया कि आश्रम में जो भी आता है, उनके लिए ना तो वह वीआईपी होता है और ना ही कोई विशेष बात होती है।

#### आती रहती हैं हस्तियां यहां

दिल्ली विधानसभा के हुए चुनावों के बाद आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल भी यहां अपनी थकान उतारने के लिए 10 दिन के कोर्स के लिए आए थे। दिल्ली की भूतपूर्व दिवंगत मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भी सपरिवार सोहना में ही एक रमणीक स्थान पर विश्राम करने आई थीं। दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन रही स्वाति मालीवाल भी एक बार 10 दिवसीय विपश्यना कोर्स के जरिए मन की शांति के लिए साधना करने धम्म स्त्रोत आश्रम में आ चुकी हैं। उस वक्त स्वाति मालीवाल के धम्म स्त्रोत में आने की जानकारी आसपास गांवों में रहने वाले लोगों और उनके चहेतों को मिली, उन्होंने उनसे मिलने का प्रयास किया लेकिन धम्म स्त्रोत आश्रम देखरेखकर्ताओं के निर्धारित नियमों का हवाला देने पर आए हुए लोग स्वाति मालीवाल से मिले बिना ही वापिस लौट गए थे।

### मुख्यमंत्री का दौरा रद्द होने से टला वाटिका चौक का उद्घाटन

**सोहना :** यहां पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल के शुक्रवार, 3 नवंबर को वाटिका चौक का उद्घाटन समारोह मुख्यमंत्री मनोहरलाल का दौरा अपरिहार्य कारणों से रद्द हो जाने के चलते अगली तिथि के लिए टल गया है।

अब यह कहना कठिन है कि वाटिका चौक का उद्घाटन कब होगा, इसको लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। माना जा रहा है कि वाटिका चौक के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री आगमन की तिथि जल्द ही तय होगी। इतना जरूर है कि वाटिका चौक का उद्घाटन टल जाने से फिलहाल घाटाअमीरपुर वाली पहाड़ी की तरफ से दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित हल्दीराम जाने वाले वाहनों को इस अंडरपास की सुविधा लेने के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

यहां पर बादशाहपुर क्षेत्र के एसडीएम सतीश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री का दौरा किन्हीं कारणों से फिलहाल रदद हो गया है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के दौरे की तारीख जल्द तय होगी। नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे व क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी सुरज्ञान सिंह की माने तो इस अंडरपास को लेकर लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल के 3 नवंबर को इस अंडरपास के उद्घाटन कार्यक्रम के रदद हो जाने से क्षेत्र के लोगों में मायूसी है। नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे व क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी सुरज्ञान सिंह की माने तो वाटिका चौक अंडरपास पर करीब 120 करोड़ रुपए की लागत आई है।

## मनुष्य का निरोगी और स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी : मुकेश सैनी



उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** नगरपरिषद के वार्ड-21 के तहत लगने वाले सोहनाढाणी गांव में गुरुवार को पार्क अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

उद्घाटन अवसर पर उपस्थितजनों के बीच मुख्य वक्ता रूप में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष और नगरपार्षद मुकेश सैनी ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि इंसान को जिंदगी में स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को निरोगी रहने के लिए अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतिदिन भोर सवेरे उठना चाहिए। कसरत-योगा करना चाहिए। शाकाहारी भोजन करना चाहिए और शरीर में कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक से उचित परामर्श व दवा लेनी चाहिए। इस मौके पर पार्क अस्पताल से आए डाक्टर गौरव, पूजा, ऋतिक ने सभी को स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य का निरोगी और स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है। वहीं किसी भी बीमारी को पनपने से रोकने के लिए और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई का वातावरण होना भी उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को शरीर की देखभाल व शरीर को निरोगी रखने के लिए बीमारियों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देना है। इस मौके पर समाजसेवी बदलूराम और गांव के नंबरदार जितेन्द्र सैनी तथा मोहनलाल सैनी ने बताया कि जांच शिविर में 105 रोगियों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई व जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी दी गई। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के मामले में कभी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। धूल और प्रदूषण से बचाव करना चाहिए क्योकि इससे गंभीर बीमारियां हो सकती है।

## बुजुर्ग घर का मान और माथे की शान : नितिन यादव

**मुख्यमंत्री ने बुजुर्गो खासतौर पर विधवा माताओं का आशीर्वाद और दुआएं लेने का काम किया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना नगरपरिषद में वार्ड-चार से नगरपार्षद नितिन यादव ने प्रदेश में बुजुर्गों और विधवाओं की पेंशन 250 रुपए माहवार बढ़ाकर पहले मिलने वाली 2750 रुपए पेंशन को 3 हजार रुपए माहवार किए जाने पर सोहना विधानसभा क्षेत्र की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि अच्छी बात ये है कि सरकार ने बढ़ाई गई पेंशन पात्रों को नए वर्ष में पहली जनवरी वाले महीने से देने का निर्णय लिया है। पात्र पेंशनरों को डाकघर व बैंक के माध्यम से जनवरी महीने की पेंशन 2750 रुपए की बजाय 250 रुपए बढ़ाकर 3 हजार रुपए दी जाएगी। यादव का कहना है कि हरियाणा में प्राचीनकाल से ही बुजुर्गों का सम्मान करना अपनी संस्कृति और परम्परा रही है। बुजुर्गों के तजुर्बे और उनके ज्ञान व अनुभव से सदियों से समाज को नया रास्ता मिला है। आज हम अपने जो बड़े-बुजुर्गों को सम्मान देने वाले रीति-रिवाजों को चला रहे है, वह बुजुर्गों की ही सीख और देन है।

उन्होंने बुजुर्गों को घर का मान और माथे की शान बताते हुए कहा कि चाहे कोई भी घर-परिवार अथवा समाज हो, सभी को बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूरी है। इसी भावना को सर्वोपरि रख प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने प्रदेश में वृद्धावस्था के साथ-साथ विधवा सम्मान पेंशन में बढ़ोतरी कर बुजुर्गों का आशीर्वाद और विधवा माताओं की दुआएं लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद और दुयाओं से ही कोई भी व्यक्ति व परिवार फलता-फूलता है। उन्होंने प्रदेश में विपक्ष की तुलना थोथे चने से करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार के किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के आगे विपक्ष की बोलती बंद हो गई है। पूरे प्रदेश में केवल मात्र हरियाणा ही एक ऐसा राज्य है, जहां मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की सरकार वृद्धों और विधवाओं को देश में सबसे ज्यादा 2750 रुपए माहवार पेंशन दे रही है जोकि जनवरी महीने से बढ़ जाएगी।

### हीरालाल गर्ग की स्मृति में आज होगी सर्वजातीय श्रद्धांजलि सभा

**सोहना :** यहां पर वार्ड-पांच की फ्रेंडस कॉलोनी में रहने वाले वयोवृद्ध समाजसेवी सेठ हीरालाल गर्ग की स्मृति में शुक्रवार, 3 नवंबर को शहर में पलवल रोड़ स्थित अग्रवाल भवन धर्मशाला में प्रातः 9 बजे हवन-यज्ञ, दोपहर 12 बजे ब्रहमभोज उपरांत दोपहर 3 बजे सर्वजातीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। इसमें काफी संख्या में लोग पहुंचकर दिवंगत आत्मा समाजसेवी सेठ हीरालाल गर्ग को श्रद्धांजलि सभा में दोपहर तीन से चार बजे तक श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। भाजपा से जुड़े प्रमुख समाजसेवी लाला दिनेश गर्ग उदाकिया, सुरेश चंद्र गर्ग, दवा विक्रेता एसोसिएशन से जुड़े रामकिशन गर्ग, पवन गर्ग, गोपाल गर्ग, राहुल गर्ग, महेश गर्ग, मनोज गर्ग, संजय गर्ग, गिरीश, हिमांशु, ऋष्ठ, हर्षित, प्रथम, मानविक, शौर्य, लक्ष्य के साथ-साथ सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, लायंसक्लब के पूर्व प्रधान डाक्टर सुरेश कालड़ा आदि आएंगे।

## गांव ग्वालपहाड़ी में तेजी से बढ़ रहा प्रदूषण, इसका स्तर 330 एक्यूआई पहुंचा

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रयास है कि लोगों को जागरूक बनाकर कैसे भी बढ़ रहे प्रदूषण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाए**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शहर व क्षेत्र में प्रदूषण की रफ्तार तेज हो गई है। स्थिति ये है कि ग्वालपहाड़ी में प्रदूषण बढ़ने से स्तर एक्यूआई 330 तक पहुंच गया है। जाहिर है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक के मुताबिक ग्वालपहाड़ी क्षेत्र में तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है।

ग्वालपहाड़ी पर स्थापित एयर मानिटरिंग स्टेशन के आंकड़े क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को दर्शा रहे हैं। चंद दिन पहले तक प्रदूषण का स्तर 92 एसपीएम से नीचे संतोषजनक और अच्छी हालत में था, लेकिन अब प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि नजर आ रही है। सेक्टर-इक्यावन में 254, टैरी गांव एरिया में 229 और विकास सदन एरिया में 203 रहा है।

पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक लोगों में युवा समाजसेवी कर्मपाल बोकन सिरसका, शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक, विनायक गुप्ता एडवोकेट, पंकज भारद्वाज, आशियाना अनमोल आरडब्लयूए प्रधान रामगौतम, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया आदि की माने तो दीवाली के आसपास से प्रदूषण तेजी से बढ़ना शुरू होता है और पूरी सर्दियों में यही स्थिति रहती है। फिर भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रयास है कि लोगों को जागरूक बनाकर कैसे भी बढ़ रहे प्रदूषण पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाए।

उन्होंने बताया कि प्रदूषण पर रोक लगाने और पूरे एनसीआर क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण में सुधार लाने के लिए ग्रैप पालना सुनिश्चित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए है। बीस विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। सडकों पर पानी का छिडकाव करने और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई की जा रही है।

उपरोक्त लोगों ने आम जनमानस से भी आग्रह किया है कि वह बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए जागरूक बने। अपने आसपास क्षेत्र में प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाए और कूड़े के ढेरों, टायरों आदि में आग लगाने वाले लोगों को इस बात के लिए जागरूक करे कि कूड़े के ढेरों में आग लगाने से प्रदूषण का स्तर ज्यादा बढ़ रहा है।

# औंधे मुंह गिरे घीया, गोभी, मेथी, पालक के दाम,ढूंढे नहीं मिल रहे खरीददार

**कई किसानों ने सब्जियों को घर वापिस ले जाने की बजाय नंगली गौशाला में भेजने का फैसला लिया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** गुरुवार को इतनी बड़ी तादाद में सब्जीमंडी में घीया, पेठा, मेथी, पालक आदि सब्जी भर-भरकर किसान ले आए कि यदि उस सब्जी को चार दिनों तक भी बेचा जाए तो भी खत्म होने वाली नहीं। ऐसे हालातों में सब्जियों के खरीददार ना मिलने से उपरोक्त सब्जियों के दाम औंधे मुंह आ गिरे।

देखने में आया कि कल तक जो सब्जियां थोक में बीस रुपए किलो बिकती रही, वही सब्जियां आज थोक मंडी में नाम मात्र के दामों पर बिकती नजर आई। ऐसे में सब्जी के थोक विक्रेताओं के आग्रह पर किसानों ने अपनी बिकने से रह गई घीया, पेठा, पालक, मेथी, हरा धनिया आदि सब्जियों को घर वापिस ले जाने की बजाय नंगली गौशाला में भेजने का फैसला लिया ताकि इन ताजा सब्जियों को गौशाला संचालक गौशाला में पल रही गायों को खिला सके।

नंगली गौशाला से जुड़े जगदीश वर्मा, राव धर्म सिंह रायसीनिया, एडवोकेट मुकेश शर्मा एक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर सब्जीमंडी में आए तो किसानों ने स्वेच्छापूर्वक घीया, पेठा, पालक, मेथी, हरा धनिया आदि सब्जियों को गौशाला भिजवा दिया।

सब्जीमंडी में सब्जी के कई थोक विक्रेताओं ने बताया कि सब्जीमंडी में आज प्याज 48 रुपए किलो, तो धनिया पंद्रह से बीस रुपए किलो तथा बीस किलो वजन भार वाली घीया की पन्नी 25 से तीस रुपए में, फूल गोभी 7 रुपए किलो तथा 40 से 50 किलो मेथी से भरी कपड़े वाली पोटली मात्र 40 रुपए में तो 35 से 40 किलो वजन भार वाली पालक से भरी पन्नी मात्र बीस रुपए में, मशरूम का 400 ग्राम वजन भार वाला पैकिट मात्र बीस रुपए में बिका है और ताज्जुब की बात ये है कि सब्जियों के दाम औंधे मुंह गिरने के बावजूद खरीददार ढूंढे नहीं मिल रहे। ऐसे में गौभक्त घीया, पेठा, पालक, मेथी, गोभी की पन्नियों को खरीदकर गौशालाओं में ले जा रहे है। सब्जी उगाने वाले किसानों का कहना है कि उन्हे घीया, पेठा, गोभी, मेथी, पालक, हरा धनिया को तोड़कर बेचने में अपनी मेहनत, लागत और सब्जी तोड़ने पर लगने वाली मजदूरी तक नहीं मिल पा रही है। असली मुनाफा तो खुदरा में सब्जी बेचने वाले कमा रहे हैं, जो थोक में इतनी भारी मंदी सब्जी खरीदकर भी 8 से 10 गुणा ज्यादा दामों पर बेचकर चांदी कूटने का काम कर रहे है। बता दें कि घीया रिटेल में बीस रुपए किलो तो पेठा पंद्रह से बीस रुपए किलो, मेथी तीस रुपए किलो, गोभी 30 से 40 रुपए किलो, पालक बीस रुपए किलो तो धनिया दस रुपए की एक गड्डी, प्याज 60 से 70 रुपए किलो बेचकर जमकर चांदी कूट रहे हैं। सब्जी उगाने वाले किसानों को अपनी मेहनत भी नही मिल पा रही है तो खुदरा व्यापारी मौज मार रहे है तो सब्जी खरीदने वाले ग्राहक थोक में सब्जी बहुत ही मंदी होने और खुदरा में ज्यादा महंगे दामों पर बिकने से हैरान-परेशान हैं। ग्राहकों का कहना है कि मार्किट कमेटी प्रशासन को ग्राहकों से हो रही लूट-खसोट पर रोक लगाने के लिए दिल्ली आजादपुर मंडी की तर्ज पर स्थानीय सब्जीमंडी में जगह-जगह सूचनापटों पर सब्जी के थोक व रिटेल दाम लिखने चाहिए ताकि सब्जी के खुदरा व्यापारी ग्राहकों से सब्जी बेचने के नाम पर ज्यादा मुनाफा ना ले पाए।

## किसान संगठित होकर लड़ें अपने अधिकारों की लड़ाई : विजय डागर

**सरकार ऐसा एजेंडा ला रही है कि खाप पंचायतें एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करे और सरकारी खाप पंचायतें रहें**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना :** क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने कहा कि हरियाणा का तेजी से शहरीकरण हुआ है। किसानों की जमीनें सरकार अधिग्रहण कर रही है लेकिन किसान चाहे कुछ भी कारोबार कर ले, जो जमीन चली गई तो वह उस जमीन को दोबारा नहीं खरीद सकता। इसलिए जब तक जमीन बची है, उसे बचाकर रखो।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व में संघर्ष होंगे, राजनीतिक पार्टियां खत्म हो जाएगी। केवल खाप पंचायतें और गांव बचेंगे और उन्हें ही लड़ाई लडनी पड़ेगी।

डागर रायपुरिया ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार की मंशा है कि खाप पंचायतों को तोड़ा जाए। सरकार ऐसा एजेंडा ला रही है कि खाप पंचायतें एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करे और सरकारी खाप पंचायतें रहें। इसलिए सभी को एकजुटता से कार्य करना है।

उन्होंने जोर दिया कि किसान को संगठित होकर अपने हकों की लड़ाई लडनी होगी क्योकि जब दिल्ली में किसान आंदोलन चल रहा था, तब देश का किसान संगठित था और संगठन की ताकत के आगे सरकार को झुकना पड़ा और तीनों काले कानून वापिस लेने पड़े।उन्होंने किसानों को सचेत किया कि यदि वे किसी नेता पर निर्भर रहेंगे तो जरूरी नहीं कि वह उन्हें न्याया दिला पाएगा। किसानों को स्वयं ही जागरूक होना पड़ेगा।

परिचर्चा

कांग्रेस नेताओं ने इसे जन विरोधी कदम बताया

# गैस दामों में की गई वृद्धि का किया गया कड़ा विरोध

**केन्द्र सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया गया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** केन्द्र सरकार के कमर्शियल गैस सिलेंडर कीमतों में की गई भारी वृद्धि का क्षेत्र में चंहु ओर विरोध हो रहा है। लोगों का कहना है कि कमर्शियल गैस के दामों में एक साथ 101 रुपए प्रति गैस सिलेंडर की बढ़ोतरी करके सरकार ने जनविरोधी होने का प्रमाण दिया है तो क्षेत्र के जागरूक लोगों ने कमर्शियल गैस के दाम बढ़ाए जाने वाले केन्द्र सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया है।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप, गांव घाटाअमीरपुर में रहने वाले युवा नेता शुभम चौधरी, गांव दमदमा के रहने वाले हरियाणा कांग्रेस के राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया, गांव रामगढ़ के रहने वाले कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप गुर्जर, कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, यूथ इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहताश बेदी, नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, कांग्रेस नेता राकेश शर्मा सांचौलिया, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व शिक्षाविद सचिन लोहिया, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नौरंग खटाना, युवा कांग्रेस में विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास, ओमप्रकाश माठू आदि नेताओं का कहना है कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तभी से जनविरोधी कार्यों को अंजाम दे रही है।

उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में एकदम 101 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर सरकार ने लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया है। वही अपने गरीब विरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है।

इन कांग्रेस नेताओं का कहना है कि केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से सड़कों पर उतरकर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह गांव-गांव जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों का भांडा फोड़ेंगे ताकि इस जनविरोधी सरकार को चलता किया जा सके। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के काम में आने वाले गैस के दामों में की गई बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ेगी और भाजपा का हाथ गरीबों के साथ होने का दावा करने वाली भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी कर अपने जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार के आए दिन लिए जा रहे जनविरोधी फैसलों से आम जनता परेशान आ गई है। जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा सरकार में मलाई मार रहे है और अपने घरों की तिजोरियों को भर रहे है, ऐसे लोग दिन-रात सरकार का गुणगान कर अपने स्वार्थों की पूर्ति कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है लेकिन जनता अब ऐसे लोगों को पहचान गई है और उनके बहकावे में नही आने वाली है। इनके अलावा कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रधान ठाकुरदास शर्मा, ओमप्रकाश पांचाल, ओमप्रकाश माठू, मनीष गौड़, गांव भौंड़सी में रहने वाले कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता निशांत राघव, गांव सांपकीनंगली में रहने वाले रण सिंह घोडारोप आदि का कहना है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से लोग परेशान है। तमाम लोगों के कामधंधे चौपट हो गए है। बेरोजगारी बढ़ी है। रही-सही कसर महंगाई पूरी कर रही है। ऐसे में लोगों को चटनी से रोटी खाना भी दुष्वार बन गया है।

दैनिक भरोसा मित्र
गुरुग्राम, शुक्रवार
3 नवंबर 2023
www.dainikbharoosa.com



कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर सत्ता ......
अंदर देखे

# गुरुग्राम



अंदर देखे
साइबर धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें.....


dainikbharoosa

## खबर फटाफट

### पटौदी में हुआ कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण



**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त डा. निशांत कुमार यादव व जिला अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन व सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण शिविर लगाया गया। पटौदी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) में यह शिविर लगाया गया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि पटौदी के शिविर में काफी लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार बुधवार 3 नवंबर को बाल भारती विद्या मंदिर, देवी मंदिर फव्वारा चौक, सोहना में शिविर लगेगा जिसका शुभारंभ सोहना विधायक संजय सिंह द्वारा किया जाएगा तथा 4 नवंबर को रेड क्रॉस सोसायटी गुरुग्राम परिसर चन्दन नगर में पंजीकरण किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि ये शिविर आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड के सीएसआर योजना के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। कृत्रिम अंगों के लिए सभी दिव्यांगों की जांच भी बारीकी से की जाएगी, ताकि उपकरण सही दिए जा सकें। सचिव के मुताबिक किसी भी श्रेणी के दिव्यांग पंजीकरण करा सकते हैं। दिव्यांगों को व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 25 पात्र लाभार्थी परिवारों को दिए गए बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट

**गुरुग्राम।** जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे अनुसूचित जाति एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पशुपालन विभाग द्वारा डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जिला में बैकयार्ड कुकुट पालन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर 25 पात्र लाभार्थी परिवारों को बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट वितरित किए गए। विभाग के उपनिदेशक डॉ वीरेंद्र सहरावत के नेतृत्व में आयोजित इस वितरण कार्यक्रम में पचास देसी नस्ल के चूजे, दो फीडर और दो ड्रिंकर राजकीय हैचरी फार्म हिसार से निशुल्क वितरित किए गए। उपमंडल अधिकारी डॉ. जगदीप यादव व डॉ. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि योजना का लाभ उन अनुसूचित जाति एवं बीपीएल श्रेणी को दिया जा रहा है। जिन्होंने सरल हरियाणा पोर्टल पर आवेदन किए थे। उन्होंने बताया कि वितरण से पूर्व सभी चूजों का प्रारंभिक टीकाकरण किया गया था। वितरण कार्यक्रम में राजकीय पशु चिकित्सालय सोहना के अंतर्गत नौ, राजकीय पशु चिकित्सालय गुढाना के अंतर्गत सात, राजकीय पशु चिकित्सालय खलीलपुर के अंतर्गत पांच व राजकीय पशु चिकित्सालय फर्रुखनगर के अंतर्गत चार पात्र लाभार्थी परिवारों को चूजे उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर डॉ राहुल गाधोजिया, डॉ संदीप सहरावत, डॉ विवेक हुड्डा, नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### छठ पूजा व्यवस्थाओं के लिए निगम प्रशासन से किया आग्रह

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में पूर्वांचल के लोग बड़ी संख्या में स्थायी व अस्थायी रुप से निवास करते आ रहे हैं। पूर्वांचल के लोग यहां पर धूमधाम से अपने पर्वों व त्यौहारों को भी मनाते हैं। पूर्वांचल का मुख्य पर्व छठ पूजा आगामी दिनों में मनाया जाएगा, जिसके लिए छठ पूजा समिति राजेंद्रा पार्क ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। समिति के पदाधिकारियों जितेंद्र सिंह, राजेश पटेल ने नगर निगम के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए हर साल की भांति इस साल भी छठ पूजा स्थल पर साफ-सफाई, तालाब, लाईट, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशनी न हो। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के लिए नगर निगम के जेई विपुल को जिम्मेदारी मिली है। सर्वे के लिए निगम की टीम भी स्थल पर पहुंची।

### श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए लगाया शिविर

**गुरुग्राम।** जिला गुरुग्राम व रेवाडी में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिको की स्वास्थ्य संबंधित जांच के लिए श्रम विभाग द्वारा नवंबर माह में अलग-2 तिथियों को विशेष स्वास्थ्य कैम्प व जागरूकता कैम्प आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में वीरवार को गुरुग्राम में उद्योग विहार फेज वन स्थित प्लाट संख्या 239 में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ श्रम विभाग के एडिशनल लेबर कमिश्नर (एनसीआर) कुशल कटारिया ने किया। इस दौरान विभाग की उप निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य) डॉ अल्का हुड्डा भी प्रमुख रूप से मौजूद रही। स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित करते हुए कुशल कटारिया ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास के लिए श्रमिकों का स्वास्थ्य एक आवश्यक शर्त है। इसलिए, कार्य क्षमता को बहाल करना और बनाए रखना स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण कार्य है।

कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जोखिम, जैसे गर्मी, शोर, धूल, खतरनाक रसायन, असुरक्षित मशीनें और मनोवैज्ञानिक तनाव, व्यावसायिक बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। सामान्य स्वास्थ्य देखभाल के अलावा, सभी श्रमिकों - और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले व्यवसायों में - व्यावसायिक जोखिमों के जोखिम का आकलन करने और उन्हें कम करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होती है।

ऐसे में जिला में आयोजित यह जांच शिविर निश्चित रूप से श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेंगे। जांच शिविर में डॉ अल्का हुड्डा ने श्रमिको को पर्सनल प्रोटेक्टिव वियर इस्तेमाल करने का महत्व भी बताया जिसके कारण बहुत सारी बीमारियों से श्रमिक अपना बचाव भी कर सकते हैं।

## हरियाणा ऑर्बिट रेल कॉरिडोर के सेक्शन ए के लिए भूमि पूजन समारोह आज

# तैयारियां पूरी, डीसी ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

**केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भूमि पूजन समारोह में होंगे शामिल**

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। हरियाणा में ढांचागत तंत्र को विस्तार देने के लिए केएमपी के साथ ऑर्बिट रेल कॉरिडॉर के सेक्शन ए का काम शीघ्र ही आरंभ होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री गुरुग्राम जिला में केएमपी के पटौदी रोड टोल प्लाजा के समीप आगामी 3 नवंबर को सेक्शन ए के निर्माण के लिए भूमि पूजन के लिए आयोजित समारोह में पहुंचेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने भूमि पूजन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।





डीसी निशांत कुमार यादव ने हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय रेल मंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य विशिष्टजन आयोजन स्थल पर भी भूमि पूजन में शामिल होंगे। यह गुरुग्राम जिला से होकर गुजरने वाली एक महत्वपूर्ण परियोजना है। ऐसे में कार्यक्रम बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में पीने के पानी, स्वच्छता, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था उचित प्रकार से होनी चाहिए। हरियाणा ऑर्बिट रेल कॉरिडोर के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव रंजन ने कार्यक्रम को लेकर डीसी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सेक्शन ए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस सेक्शन में धुलावट से झज्जर जिला के बाढ़सा तक 29.5 किलोमीटर लंबी इलेक्ट्रिफाइड दोहरी लाइन बनेगी। इस सेक्शन में पांच स्टेशन धुलावट, चांदला डूंगरवास, पंचगाव, मानेसर और न्यू पातली का प्रावधान है। भूमि पूजन समारोह के आयोजन स्थल पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जारी है। इस अवसर पर डीसीपी मानेसर मनबीर सिंह, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के जीएम एडमिन विक्रम यादव, जीएम सिविल नीरज भंडारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक्शन में डीटीपी विभाग

# 21 एकड़ अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। फर्रखनगर में 21 एकड जमीन पर किए गए अनाधिकृत निर्माण को डीटीपी दस्ते द्वारा जमीदोंज कर दिया गया। इस दौरान जेसीबी से 2 जगहों पर की गई कार्रवाई में 17 डीपीसी, एक फार्महाउस, 2 बाउंड्रीवाल व कच्ची सडक नेटवर्क उखाड दिया गया। ज्ञात हो कि लंबे समय से किए जा रहे अनाधिकृत निर्माण व काटी जा रही कालोनी की शिकायतें विभाग को मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए वीरवार को डीटीपी दस्ते की ओर से तोडफोड की गई। अधिकारियों की मानें तो इस दौरान बडी संख्या में फर्रखनगर थाना क्षेत्र के जवानों सहित डीटीपी दस्ते के अधिकारी मौजूद रहे। विभाग द्वारा की गई तोडफोड गुडे ंव शहरी क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सुल्तानपुर में किया गया। कार्रवाई के दौरान एक निर्माणाधीन फार्म हाउस, 17 डीपीसी, 2 बाउंड्रीवाल व एक पूरी तरह से फैली कच्ची सडक नेटवर्क को जमीदोंज कर दिया गया। डीटीपी गुरुग्राम सुमित मलिक का कहना है कि किसी भी हाल में अनाधिकृत निर्माण नही होने दिया जाएगा। अनाधिकृत निर्माण नही करने को लेकर पूर्व में लोगों को सूचित किया जा चुका है। बावजूद इसके लोग अपने मेहनत की कमाई ऐसी कालोनियों में निवेश कर लूटा रहे है।



# नगर निगम फरीदाबाद की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने किया बंधवाड़ी साइट का दौरा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। नगर निगम फरीदाबाद की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास वीरवार को गुरूग्राम-फरीदाबाद रोड़ पर स्थित बंधवाड़ी कचरा निष्पादन साईट पर पहुंची। उन्होंने यहां पर दोना नगर निगमों के अधिकारियों तथा कचरा निष्पादन का कार्य करने वाली एजेंसियों के साथ बैठक की तथा उन्हें निष्पादन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लीगेसी कचरे के निष्पादन के लिए मौजूदा समय में 4 एजेंसियां कार्य कर रही हैं तथा 5-5 लाख टन कचरे का निष्पादन करने के लिए तीन अन्य एजेंसियों को कार्य सौंपा जाना है। बंधवाड़ी साईट पर अब तक लगभग 20 लाख टन लीगेसी कचरे का निष्पादन किया जा चुका है तथा शेष बचे कचरे का निष्पादन भी अप्रैल 2024 तक कर लिया जाएगा। निगमायुक्त ने लीगेसी वेस्ट निष्पादन का कार्य कर रही एजेंसियों को कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लीगेसी कचरे का निष्पादन करने के बाद उससे निकलने वाले आरडीएफ को एजेंसियों द्वारा सीमेंट कंपनियों में भेजा जाता है, जबकि खाद व ईर्नट का डिस्पॉजल भी एजेंसियां अपने स्तर पर भी कर रही हैं। बैठक में लीचेट के बारे में बताया गया कि कचरे से निकलने वाले लीचेट को गुरूग्राम के सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांटों में भेजा जाता है, जहां पर इसका ट्रीटमैंट होता है। इसके अलावा, नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में निकलने वाले फ्रैश कचरे में से 370 टन कचरे का निष्पादन प्रतिदिन ऑनसाईट किया जाता है।



# कैब चालक के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 2 युवक गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कैब बुक कर चालक को चोटें मारकर लूटपाट करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है, जिनके कब्जे से फोन, चांदी का कड़ा, लूटे गए क्रेडिट कार्ड से खरीदे कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने गुरुग्राम पुलिस को बताया कि वह कैब चलाता है। 29 अक्तूबर को उबर के माध्यम से एक व्यक्ति ने उसकी टैक्सी सैक्टर-99 धनकोट से दौलताबाद के लिए बुक की थी। जब वह सवारी को पिक करने के लिए लोकेशन पर पहुंचा तो वहां पर टैक्सी बुक करने वाले व्यक्ति के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था, जिसने उसके सिर पर रोड मारी तथा उसको पिछली सीट पर डाल लिया तथा दूसरा व्यक्ति गाड़ी चलाने लगा। उन व्यक्तियों ने मोबाईल फोन, चांदी का कड़ा, एटीएम पिन कोड पता करके एटीएम से 15 हजार रुपए निकाल लिए तथा क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग करने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस थाना राजेंद्र पार्क ने मामला दर्ज कर आरोपियों रोहित व रोहन को काबू कर लिया। आगामी कार्यवाही के लिए आरोपियों को अदालत के सम्मुख कर एक दिन के पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया गया।



# पंजाबी गुलकंद, मुरब्बे समेत फुलकारी साड़ी कर रही आकर्षित

**राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान ने सरस आजीविका में कार्यशाला आयोजित**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में आज स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप के दौरान आज इन महिलाओं को आईआईएमसी की प्रोफेसर डॉ. संगीता प्राणवेंद्रा बिजनेश डेवलपमेंट स्ट्रेटजी के बारे में ट्रेनिंग दिया। इस दौरान आज एसएचजी की महिलाओं को सोशल मीडिया के बारे में भी बताया गया। उन्हें बताया गया कि किस तरीके से आज सोसल मीडिया के द्वारा ह्वाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर के माध्यम से अपने प्रोडक्ट के ग्राफिक व वीडियोज के द्वारा मार्केटिंग कर सकती हैं। डॉ. संगीता प्राणवेंद्रा ने कहा कि महिलाएं जब बिजनेस से जुड़ती हैं तो न केवल अपने लिए और परिवार के लिए बल्कि देश के उन्नति में भी इनका योगदान होता है।




इस मौके पर एनआईआरडीपीआर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचिरा भट्टाचार्य व एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर सीएल कटारिया समेत तमाम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपलब्ध रहीं। गुरुग्राम सरस आजीविका में इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि उत्पादों से जुडे अलग-2 विषयों पर मेले में भाग लेने वाली 800 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। उदाहरण के तौर पर पैकेजिंग, ब्रेंडिंग, बिजनेस प्रपोजल तैयार करने, सोशल मीडिया प्लैटफार्म का उत्पादों की मार्किटिंग में उपयोग करने, वित्तीय प्रबंधन से लेकर कई अन्य विषयों के बारे मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा महिलाओं को सीधे बाजार से जोडने हेतु बी-टू-बी व बी-टू-सी बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। वहीं, सरस मेले में पंजाब के कुल सात स्टॉल लगाए गए हैं। पंजाब के पटियाला जिले के नाभा गांव से आई हुई पटियाला किंग एसएचजी ग्रुप की हरप्रीत कौर ने बताया के हमारे ग्रुप से कुल ग्यारह महिलाएं हैं। हरप्रीत ने बताया कि मेले में स्टॉल नंबर 353 पर फूड प्रोडक्ट्स के विभिन्न आईटम लेकर आई हुई हैं इसमें गुलकंद, आंवले का मुरब्बा, बेल मुरब्बा, क्रेनबेरी मुरब्बा, बांस का मुरब्बा, हररे का मुरब्बा, बेसन की बर्फी, गन्ने की सक्कर, सभी प्रकार के अचार में लहसन, हल्दी, आम, अदरक आदि के अचार समेत गन्ना का सिरका, सेब का सिरका व जामुन का सिरका आदि प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। यहां आप को सौ रुपये से लेकर चार सौ रुपये तक के सामान हैं। वहीं, पंजाब के मोहाली जिले से आई हुई सेवा भलाई एसएचजी ग्रुप की जसविंदर कौर ने बताया कि मैं यहां मेले में स्टॉल नंबर 123 पर फुलकारी दुपट्टा, सूट, बेडसीट, कुर्ती प्लाजो समेत वुलेन के जैकेट समेत तमाम प्रोडक्ट उपलब्ध है। यहां पर आप छ- सौ रुपये से लेकर आठ हजार तक के सामान उपलब्ध हैं। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा व हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉलों पर लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं।

## आस्था

## गुरुग्राम में 16 नवम्बर को होगा भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

# महोत्सव की तैयारियां शुरू : अमित गोयल

- कन्हैया मित्तल समेत कई कलाकार करेंगे श्याम जी का गुणगान
- सेक्टर-29 हुडा जिमखाना क्लब में किया जाएगा आयोजन

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में आगामी 16 नवम्बर को भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सेक्टर-29 स्थित हुडा जिमखाना क्लब में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में कई नामी हस्तियों अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, वहीं नामी कलाकार कन्हैया मित्तल, रितु पांचाल, भावना स्वरांजलि, राज भैया व बलराम वशिष्ठ श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि



महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्लैक्सी टैंट इवेंट्स एंड फार्म हाउस इस महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। श्री शनिधाम पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती जी महाराज व परम पूजनीय ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री प्रकाश पुरी जी महाराज के परम शिष्य श्री श्री 1008 संत रवि पुरी जी महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन होगा। इस अवसर पर भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। रंग-बिरंगे फूलों से बाबा के दरबार का श्रृंगार किया जाएगा। अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार जी, भाजपा की राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव जी, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे जी शिरकत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम में विकासशील विधायक सुधीर सिंगला करेंगे। बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। अमित गोयल ने गुरुग्राम के धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक महोत्सव में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लें और धर्म का लाभ उठाएं।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन 20 नवंबर तक

गुरुग्राम। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं 20 नवम्बर तक अपने आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने पुरुस्कार से जुडी जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं विभिन क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स,महिला खिलाड़ी, राजकीय कर्मचारी,सामाजिक कार्यकर्ता और महिला महिला उद्यमी को 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सुरेश बने सामाजिक समरसता संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सामाजिक सहभागिता और सक्रियता को देखते हुए समाजसेवी राव सुरेश यादव को राष्ट्रीय सामाजिक समरसता संगठन का सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्हें संगठन के रेहड़ी पटरी-पथ विक्रेता प्रकोष्ठ के हरियाणा प्रदेश संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है। संस्था द्वारा दिल्ली स्थित भारतीय कला केंद्र में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान राव सुरेश यादव को प्रमाण पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुरेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य शीर्ष पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे और संस्था की नीतियों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के छुआछूत, ऊंच-नीच, रंग-भेद, जाति-पाति, भ्रष्टाचार को समाप्त करने और समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से अभियान चला रही है। सामाजिक कुरीतियों को समूल रूप से समाप्त कर एक सशक्त समाज का निर्माण करने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के तमाम ऐसे वंचित वर्गो को जो अभी भी समाज के मुख्य धारा से वंचित हैं, उनके सामाजिक, आर्थिकऔर राजनैतिक उत्थान के संकल्पों को लेकर उनको जन जन तक पहुंचाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए मन, क्रम,वचन से समर्पित रहूंगा।

## खबर फटाफट

### खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : प्रदीप खटाना



**तावडू ।** खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। जबकि हारने वाले खिलाडी को कभी निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और अधिक मेहनत कर जीत की ओर बढ़ना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में आज भी बहुत सी प्रतिभाएं छुपी हैं, क्योंकि उन्हें निखरने का मौका सुविधाओं के अभाव में नहीं मिल पाता। खेलों से भाई चारे में बढ़ौतरी आती है। यह विचार सोहना तावडू विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने गुरुवार को गांव भाजलका में चल रह क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में रखें। प्रदीप खटाना ने क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी को 21 हजार रूपए को योगदान दिया। उन्होंने बताया कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक चलेगा। जिसमे 21 टीमों ने भाग लिया। ग्रामीणों में क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गणमान्य ग्रामीणों व गांव के सरपंच सराफीक ने प्रदीप खटाना का पगडी बांध, फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। गणमान्य ग्रामीणों को उत्साह देखते हुए प्रदीप खटाना ने कहा कि प्रदेश में राजनैतिक बदलाव आना निश्चित है। क्योंकि प्रदेश की जनता बीजेपी-जेजेपी सरकार की नीतियों से तंग आकर घुटन महसूस कर रही है। जनता आने वाले चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। भाजपा-जेजेपी के 9 वर्ष की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस सरकार ने जनता से जो वायदे किए वह वर्षों बीत जाने पर भी पूरे नहीं किए। इस सरकार में प्रदेश को बेरोजगारी के गर्त में धकेल दिया है। महंगाई, नशा, अपराध आदि से प्रदेशवासी सहमें हुए हैं। इस अवसर पर सरपंच खालिद, आशिक, हफीज, मुबारिक, अली मौहम्मद, समसू, जुम्मा, साहिब, बूराका सरपंच गन्नी, जफरू चेयरमैन, नरेश खटाना, सन्नी खटाना आदि मौजूद रहे।

### युवा महोत्सव 21 नवम्बर को

**नूंह ।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर 12 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन होगा । महोत्सव में 15 से 29 साल के युवा ही प्रतिभागी बन सकते हैं । ये बात बृहस्पतिवार को सीईओ जिला परिषद नूंह ने युवा महोत्सव की बैठक मे कही । उन्होंने बताया की जिला युवा महोत्सव में प्रतिभागी समूह लोक नृत्य ,एकल लोक नृत्य , समूह लोकगीत, एकल लोकगीत कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण ,फोटोग्राफी ,तत्कालीन व्याख्यान में भाग ले सकते हैं । इसके लिए जिला स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन 20 और 21 नवंबर को जिला नूंह में आयोजित किया जाएगा । जिला युवा महोत्सव के लिए पंजीकरण की तिथि 7 नवंबर तक रहेगी।

### चेक बाउंस का उद्घोषित आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव सुरानी निवासी नरेश कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। आरोपी काफी समय से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

यूआईडीएआई ने 14 दिसंबर तक बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेशन की तारीख

### नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन की तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 दिसंबर 2023 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करें। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। डीसी ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार अपडेट कराना जरूरी है ।

### अंत्योदय महासम्मेलन में रेवाड़ी जिला के लाभार्थियों की रही उल्लेखनीय भागीदारी

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार के 9 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को कर्ण नगरी भव्य राज्य स्तरीय अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाभार्थी पहुंचे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह अंत्योदय महासम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे जबकि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की। अंत्योदय महासम्मेलनर में रेवाड़ी जिला की उल्लेखनीय भागीदारी रही। रेवाड़ी से विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ सम्मेलन में भाग लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रेरणादायी संदेश सुना और सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण के लिए क्रियांवित की जा रही अनेक प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# साइबर धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें लोग : धीरेंद्र

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए डायल करें 1930

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि सोशल मीडिया के दौर में विशेष कर त्योहारी सीजन में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों की आशंका को ध्यान में रखते जिलावासियों से अपील है कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के चलते अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त ने कहा कि ओटीपी किसी के भी साथ शेयर



धीरेंद्र खड़गटा, डीसी नूंह।

न करें। यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढि ा होता है ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की का सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी पात्र व्यक्ति बनवाएं वोट

**नूंह।** जिला भर में पात्र नागरिकों से वोट बनवाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांवों में जागरूकता वाहन के जरिये ग्रामीणों से वोट बनवाने की अपील की जा रही है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी पात्र व्यक्ति अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है। ऐसे व्यक्ति वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाइन फार्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि आमजन को वोट बनवाने के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूक वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निवार्चन आयोग द्वारा जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल शुरू की है। इस पहल के तहत 9 दिसंबर तक नया वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले जाने वाले लक्की ड्रा में लैपटॉप, स्मार्टफोन और पैन ड्राइव दिए जाएंगे। नई वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनो की फोटो प्रतियां फार्म 6 के साथ लगानी होंगी।

# नेशनल हाईवे 919 की दयनीय हालत, लोगों में रोष



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । शहर से निकल रहे नेशनल हाईवे 919 की हालत गांव निजामपुर व खोरी कलां में दयनीय स्थिति में है। जिसके चलते लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। वाहन चालकों को लंबे समय तक जाम में फंसा रहना पडता है। जिससे ईंधन अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है। जाम के कारण सडक के आसपास रहने वाले दुकानदारों व प्रतिष्ठान में रहने वाले लोगों को पूरे दिन धूल के कारण प्रदूषण की चपेट में रहना पड रहा है। विभाग की लापरवाही से लोग बीमारियों की चपेट में हैं। ग्रामीण पूर्व जेई धर्मपाल, आजाद, बीर सिंह, पूर्व सरपंच कमाल, रविन्द्र, याहुद आदि ने बताया कि पिछले लंबे समय से सडक में गड्ढे बने हुए हैं। जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। सडक में बने गड्ढों के कारण पूरा दिन उनके घरों में धूल घुसी रहती है। ग्रामीणों ने सडक में बने गड्ढों को भरवाने के लिए विभाग से मांग की है। उन्होंने बताया कि दिन में कई बार जाम लगने से वाहनों के हॉर्न से पूरा गांव परेशान रहता है। विभाग को कई बार स्थिति से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन समस्या लंबे समय से ज्यौ के त्यौं बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

## परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण

# धूल फांक रहे बस क्यू शैल्टर

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । परिवहन विभाग की लापरवाही से शहर व क्षेत्र में कई स्थानों पर बनाए गए बस क्यू शैल्टर लंबे समय से बदहाल हैं। क्योंकि इन शैल्टरों पर बस नहीं रूकती। कई लोगों ने तो इन पर अतिक्रमण तक किया हुआ है। लोगों का मानना था कि परिवहन विभाग ने तावडू बस अड्डा भी सही स्थान पर नहीं बनवाया। जिससे न तो वहां सवारियां पहुंचती है और न ही विभाग की बस ही पहुंचती है। बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्रवासी राजकुमार, पवन कुमार, राम स्वरूप, दिनेश कुमार, एडवोकेट गगन, सोमनाथ, कमरूदीन, दीपक, हंसराज, हरीश आदि ने बताया कि क्षेत्र में बने बस क्यू शैल्टर परिवहन विभाग की लापरवाही से बदहाली का शिकार हैं। इन शैल्टरों में कुछ लोगों ने कब्जा जमा लिया है। वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग द्वारा करोडों रूपए की लागत से बनाया गया बस अड्डा शहर से काफी दूर व एकांत में होने के कारण वहां



पर न सवारी पहुंचती है और न ही परिवहन विभाग की बस। अब इसे विभाग की लापरवाही ही तो कहा जाएगा कि इतने लंबे समय से करोडों रूपए की लागत से बने बस अड्डे व बस क्यू शैल्टरों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## सफाई कर्मचारियों की हक की लड़ाई जारी

# जिला मुख्यालय पर 24 घंटे का पड़ाव डाला

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का शहर के बाईपास पर स्थित खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में लगभग 20 दिनों से जारी धरने के बाद गुरूवार को जिला मुख्यालय पर कर्मचारी 24 घंटे के पडाव के लिए पहुंचे। यह जानकारी ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के प्रधान सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने कर्मचारियों के साथ धोखा किया और कर्मचारी विरोधी होने का सबूत दिया है। गत 17 साल से गांव में अपनी सेवा दे रहें ग्रामीण सफाई कर्मचारी को सरकार ने एक हजार वेतन बढ़ाकर साबित कर दिया सरकार कर्मचारियों को इंसान नहीं मानती। गत 17 साल से स्थाई नौकरी और 26 हजार वेतन और बीडीपीओ रोल की मांग कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी के लिए वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सरकार के पिटारे से एक हजार निकले। इससे हरियाणा के




ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य कमेटी आह्वान पर 3 नवंबर तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 2 व 3 नवंबर को प्रदेश के जिला मुख्यालय पर 24 घण्टे का पडाव दिया। जब तक सरकार मांगे पूरा नहीं करती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को गिनाते हुए कहा कि उन्हें विधान सभा मे पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए, सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को बीडीपीओ के पेरोल पर लिया जाए। हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए और सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए। इस अवसर पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# ऐतिहासिक गाड़ियों को हैरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम में सजाया

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । शहर के बिलासपुर मार्ग पर स्थित हैरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम में दुनिया में जब से यातायात के साधन शुरू हुए हैं, तब से लेकर आज तक की एक से एक बढकर एक लग्जरी और पुराने इतिहास के वाहन रखे हुए हैं। जिसमें नाव, पालकी, बाइक, स्कूटर से लेकर पुरानी कारों, हवाई जहाज, रेलगाडी तक का पूरा इंतजाम एक छत के नीचे देखने को इस म्यूजियम में मिलता है। एक छत के नीचे खडी इन अनमोल और ऐतिहासिक गाडियों को बेहतरीन ढंग से सजाया गया है। तावडू-बिलासपुर मार्ग पर स्थित म्यूजियम की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी। इस म्यूजियम का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया था। म्यूजियम के मालिक तरुण ठकराल इस म्यूजियम को साल दर साल बेहतर बनाने में लगे हैं। तीन मंजिला इस यह म्यूजियम को 6 एकड भूमि में बनाया गया है। जिस पर तकरीबन 12 करोड रुपये की राशि खर्च की गई है। जिसमें तीन एकड़ हिस्से में ग्रीन बेल्ट व तीन एकड़ हिस्से के संग्रहालय में परिवहन साधनों के विकास के इतिहास को दर्शाने का प्रयास किया गया है। संग्राहलय में प्रदर्शित प्राचीन समय के दुर्लभ परिवहन साधन जिनमें लकड़ी के पहियों वाली बैलगाड़ी, ऊंट गाड़ी, बग्घी, साइकिल, रिक्शा,




पुराने स्कूटर, ट्राम का नमूना, रेलगाड़ी, हैलीकाप्टर, एयर क्राफ्ट आदि के नमूने इस संग्रहालय में मौजूद है। संग्राहलय में पाईपर कब जे 3 सी 1947 का एयरक्राफ्ट भी मौजूद है। संग्राहालय में 1938 मॉडल की फ ोर्ड वी एट, 1952 की इंटरनेशनल बस, 1958 की जीप पिकअप एफ सी, 1969 की हिन्दुस्तान वेडफोर्ड, 1948 फोर्डसन, 1969 की हिन्दुस्तान एम्बेस्टर, 1946 की फोर्ड सुपर डिलेक्स स्टेशन वेगन आदि मॉडलों की अनेकों छोटी बडी गाडियां संग्राहालय को सुशोभित कर रही है। संग्राहालय में करीब 2500 यातायात के साधन हैं, जो लोगों को लुभाते हैं। म्यूजियम को देखने स्कूल के बच्चे, विदेशी पर्यटक ही नहीं एनसीआर क्षेत्र के कडे शहरों से लोग यहां आते हैं। इतिहास के साथ-साथ यह यातायात म्यूजियम शिक्षा देने में भी कारगर साबित हो रहा है।

# सावधानी हटी दुर्घटना घटी, थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटना को होने से बचा सकती है : एसपी

### यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध नूंह यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । हरियाणा पुलिस महानिरीक्षक यातायात व राजमार्ग करनाल हरदीप सिंह दून द्वारा समस्त हरियाणा में रोड दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से लेन चेंज, तेज गति, कम उम्र में वाहन चलानें व अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है । जो इसी संबंध में नूंह पुलिस ने उपरोक्त वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुल 376 वाहन चालकों के चालान किए । जिसमें लेन चेंज के 173 चालान व अन्य के 203 चालान किए गए । अभियान के संबंध में जिला पुलिस कप्तान ने आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि वो लेन चेंज, तेज गति व कम उम्र में अपने बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा वाहन सही दिशा व सही लेन में ही चलाये । आपकी थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाएं टल सकती हैं। आपको बता दें कि मेवात में आए दिन सड़क



दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है ,या तो लापरवाही की वजह से या फिर नियमों की अवहेलना करने से आए दिन मेवात जिले में सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसको लेकर जिले के उपायुक्त व पुलिस कप्तान भी लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर बेहतर प्रयास कर रहे हैं। जिले की ट्रैफिक पुलिस ने भी कई दिनों से जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया हुआ है और ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जो नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी चलाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। इस दौरान ऐसे कई वाहनों के चालान किए गए जिन्होंने गाड़ी चलाते हुए सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते हुए हेलमेट नहीं लगाया हुआ था।

## दौरा

## एससीपीसीआर की सदस्य ने किया नूंह 'वन स्टॉप सेंटर'का दौरा

# हर नारी का सपना, उनका घर स्वर्ग बने : सुमन राणा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । गुरुवार को एससीपीसीआर की सदस्य सुमन राणा ने नूंह के 'वन स्टॉप सेंटर'का दौरा किया।उन्होंने बताया कि हर महिला अपना घर स्वर्ग बनाना चाहती है,लेकिन यह तभी संभव है जब दम्पति अपने दायित्वों को प्यार से निभाये और महिला को पुरुष के बराबर सभी अधिकार प्राप्त हों सके । इस युग में महिला आसानी से सवालम्बी बन सकती है।महिला भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकती है ।दोनों पहियों से गाड़ी चलती है अपने बच्चों की परवरिश दोनों मिलकर ही कर सकते है। सुमन राणा ने वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अशफ़ाक अली से वन स्टॉप सेंटर में दी जा रही सेवाओं के बारे में चर्चा की और बढती महिला हिंसा को रोकने पर सुझाव दिए। अशफ़ाक अली ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से गठित वन स्टॉप सेंटर में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर आई पीड़ति महिलाओं की शिकायतों को वन स्टॉप सेंटर में भेज दिया जाता है। वन स्टॉप सेंटर्ज़ को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने तैयार किया है ,यह एक ऐसी व्यवस्था है जहां हिंसा या अन्य किसी तरह से प्रभावित



महिला सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे एक साथ पा सकती है। ऐसे सेंटर्स को स्थापित करने की जरूरत को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जोर दिया गया था। ताकि महिलाओं को समय पर न्याय मिल सके। सेंटर में किसी भी तरह की हिंसा झेल रही महिला, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, ट्रैफिकिंग, एसिड अटैक विक्टिम, दहेज संबंधित हिंसा, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, भ्रूण हत्या ,बलात्कार जैसे मामलों से पीड़ति महिला यहां आ सकती है। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अधिवक्ता मोः अशफ़ाक अली ने बताया कि जिला उपायुक्त के निर्देशन में चिकित्सा सुविधा,पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श,विधिक परामर्श एवं सहायता, अस्थाई आश्रय जैसी सेवाए वन स्टॉप सेंटर में प्रदान की जा रही हे । आज तक 961 मामले वन स्टॉप सेंटर में आये हे जिनमें वन स्टॉप सेंटर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला के घर विज़टि करके महिला की सहायता और समर्थन किया और वन स्टॉप सेंटर को वक्त के अनुसार जरुरत बताया । आबिद हुसैन ज़लिा बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया की शुक्रवार को सुमन राणा की बाल श्रम और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर ज़लिे के हितधारकों के साथ बैठक रहेगी जिसमें गणेश कुमार सदस्य एसे सीं0 पीं0 सी0 आर0 भी मौजूद रहेंगे।

### मारपीट व गोली मारकर जानलेवा हमला करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** युवक के साथ मारपीट करने व गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 2 लोगों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अक्तूबर को जिले के थाना खेडे ी दौला में दो व्यक्तियों को गोली लगने से उन्हें घायल अवस्था मे अस्पताल में दाखिल कराए जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची तो वहां पर पीड़ित ने लिखित में बयान दिया कि 25 अक्तूबर को कुछ व्यक्तियों ने उसके चाचा के साथ मारपीट की थी। जिनसे बात करने के लिए वह तथा उसका भाई चिरागू, साथी ललित व अन्य साथी शिकोहपुर मोड़ नेशनल हाईवे-48 के पास पहुंचे। जहां पर हेमंत, अंकित व उनके साथियों ने उनको जान से मारने की धमकी दी और वहां से जाने के लिए कहा, ये वहां से जाने लगे तो उन्होंने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की तथा पिस्तौल निकाल कर उसके भाई चिराग व उसके साथी ललित को गोली मार दी तथा उसके ऊपर भी गोली चलाई, जिसमें वह बाल बाल बच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों हेमंत व अंकित को काबू कर लिया।

## खबर फटाफट

### कबड्डी प्रतियोगिता 19 को नीरपुर में

**नारनौल।** शक्ति स्पोर्ट्स एकेडमी, नीरपुर द्वारा आगामी 19 नवंबर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन एकेडमी परिसर नीरपुर बस स्टैंड के पास किया जाएगा। जिसमें विजेता टीमों को आकर्षक ईनाम दिए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी यादवेंद्र सिंह एडवोकेट ने देते हुए बताया कि प्रतियोगिता 19 साल से कम आयु वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है। प्रथम आने वाली टीम के सदस्यों को स्पोर्ट्स ट्रैक सूट, द्वितीय आने वाली टीम को 3100 रुपए तथा तृतीय आने वाली टीम को 2100 रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन 19 नवंबर को सुबह नौ बजे तक करवाया जा सकता है। जिसके लिए दो सौ रुपए फीस जमा करवानी होगी और उम्र की तस्दीक के लिए सभी प्रतिभागियों को अपनी दो ओरिजिनल आईडी साथ लानी होंगी।

### सागरपुर में कुएं से पाइप व नोजल चोरी हुए

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सागरपुर में कुएं से 31 अक्टूबर मंगलवार को पाइप और नोजल चोरी होने की एक किसान ने स्थानीय पुलिस को शिकायत दी। पीड़ित किसान वेद प्रकाश ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 31 अक्टूबर को वह कुएं पर गया तब नोजल और पाइप कुएं के पास सही रखे हुए थे 1 नवंबर को दोपहर में कुएं पर गया तो 3 नोजल और 4 पाइप नहीं मिले। उसी समय डायल 112 पर कॉल करके सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां मौका मुआयना किया।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रोहतक ने झज्जर को एक रन से हराया



**मंडी अटेली।** एमआर स्कूल में हरियाणा खेल विभाग द्वारा 56वीं हरियाणा राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार से किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ गांव के सरपंच रतनपाल सिंह, हरपाल चौहान व स्कूल चेयरमैन सियाराम ने किया। मुख्य अतिथियों का तिलक लगाकर व फूलों की माला के साथ स्वागत किया गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। गांव के सरपंच रतनपाल सिंह व संस्था के चेयरमैन सियाराम यादव ने मुख्य अतिथि व अतिथिगण एवं खिलाड़ियों का हार्दिक अभिनंदन किया। नीरपुर राजपूत में बिना प्रशासन की मदद से तैयार किया गया। क्रिकेट खेल मैदान में राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में राज्य के 28 जिलों से 22 जिलों व राई स्पोर्ट्स की टीमें भाग ले रही हैं। महेंद्रगढ़ की टीम 62 रन पर ही सिमट गई। 40 रनों से महेंद्रगढ़ की टीम हार गई। नीरपुर राजपूत में झज्जर व रोहतक की टीम में रोचक मुकाबला में रोहतक की टीम एक रन से जीत गई। फतेहाबाद व अंबाला की टीम में मुकाबला होगा। एमआर स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता जल्द हो इसके लिए स्कूल के अलावा नीरपुर गांव के खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई गई।

### प्रशिक्षित महिला एवं पुरुष अपनी उद्यम इकाई स्थापित करने के लिए कर सकते हैं ऋण आवेदन पत्र जमा

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर से प्रशिक्षित महिला एवं पुरुष अपनी उद्यम इकाई स्थापित करने के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में अपना ऋष्टा आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशिका श्वेता गुप्ता ने बताया कि जो भी युवक व युवती अपनी इकाई स्थापित करना चाहता है वह किसी भी कार्य दिवस पर संस्थान के कार्यालय नसीबपुर में आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र कि फोटोकॉपी एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो लेकर अपना ऋष्टा आवेदन पत्र संस्थान में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से नवम्बर तथा दिसंबर माह में कम्प्यूटरीकृत लेखांकन, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी, बकरी पालन, डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग, कृत्रिम आभूषण बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें कोई भी बेरोजगार युवक व युवती जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी को आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो लाना आवश्यक है। वे अपना रजिस्ट्रेशन किसी भी कार्य दिवस पर संस्थान के कार्यालय धरसूं रोड़ नसीबपुर में करा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान द्वारा निशुल्क करवाए जाते हैं तथा संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भोजन, ट्रेनिंग मैटीरियल, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था भी निशुल्क की जाती है। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 70 प्रतिशत सीटे बीपीएल राशन कार्ड धारकों के लिए आरक्षित हैं। दाखिला पहले आआओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाता है। संस्थान के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग के दौरान ही कौशल विकास के साथ-साथ अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए विभिन्न ऋष्टा योजना प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड -अप इंडिया, श्रृंगार लोन (केवल उन महिलाओं के लिए जो ब्यूटी पार्लर खोलना चाहती है), सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यमी (एमएसएमई) पीएमईजीपी, सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड्स फॉर माईक्रो स्मॉल उद्यमी) आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त करने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि अन्य किसी जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01282-260199 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**निजामपुर।** निजामपुर थाना अंतर्गत आने वाले गांव नियाजअलीपुर में हुए एक हादसे में एक बुजुर्ग की की मौत हो गई। बुजुर्ग लघु शंका के लिए जा रहा था कि उस पर डंपर चालक ने अपना डंपर चढ़ा दिया। इस बारे में मृतक के पुत्र ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। निजामपुर थाना अंतर्गत आने वाले गांव नियाजलीपुर निवासी 78 वर्षीय झाबर सिंह लघुशंका के लिए घर से बाहर निकाला था। वह पड़ोस में दारा सिंह के मकान के पास पहुंचा तो एक डंपर चालक ने अपने डंपर को बैक करते समय झाबर सिंह को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से डंपर का टायर झाबर सिंह के सर पर चढ़ गया। इससे झाबर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस बारे में मृतक के पुत्र सुमेर सिंह ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देश की प्रगति के लिए शिक्षा जरूरी है : मंत्री

**नया शैक्षणिक स्तर शुरू होने से क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा: मंत्री**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। कॉलेज में नया शैक्षणिक स्तर शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा। अब क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह विचार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वैदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा प्रांगण में नए शैक्षणिक सत्र वर्ष 2023-24 के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। मुख्यातिथि ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. अजीत यादव मौजूद थे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए शिक्षा जरूरी है। वर्तमान सरकार का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति शिक्षित हो ताकि वह अपने आप में समर्थ होकर देश की आर्थिक स्थिति में अपना सहयोग दे सके। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने हर क्षेत्र में शिक्षा संस्थान खोले हैं ताकि शिक्षा के लिए कहीं बाहर न जाना पड़े। इस मौके पर उन्होंने नव आगन्तुक छात्रों को सफेद कोट पहनाकर चरक शपथ दिलवाई तथा छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉलेज में जल्द से जल्द छात्रावास एवं स्टाफ क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. अजीत सिंह यादव ने आयुष विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक डा. श्रीनिवास गुर्जरवार ने सभी अतिथिगण का स्वागत एवं धन्यवाद किया तथा सभी प्रकार की सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डा. अनिल यादव व अन्य अध्यापक एवं 130 से अधिक विद्यार्थी मौजूद थे।

### महेंद्रगढ़ विधानसभा के 5 गांवों में जन संवाद आज

*महेन्द्रगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव 3 नवंबर को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जन संवाद कार्यक्रम करेंगे। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा भी मौजूद रहेंगे।*

*यह जानकारी देते हुए मंत्री ओम प्रकाश यादव के मीडिया सलाहकार राजेश यादव ने बताया कि 3 नवंबर को सुबह 11ः30 बजे गांव खेड़की में जन संवाद कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 12ः30 बजे गांव बैरावास में, 2 बजे रिवासा में, 3 बजे लावन में, 5 बजे गांव डुलाना में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे।*

# सबसे बड़ा दान विद्या का दान : सीताराम



**रावमावि करीरा में विधायक ने मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया**

**उपाधीक्षक बाबूलाल यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रभावित होकर करवाई मूर्ति स्थापना**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करीरा में मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना अटेली के विधायक सीताराम ने की। इस अवसर पर हरि मंदिर आश्रम दडौली के महंत संपूर्णानंद, कनीना के एस.डी.एम सुरेंद्र सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त उपस्थिति थे। करीरा निवासी हरियाणा के वॉलीबॉल चैंपियन स्व. हरि सिंह मास्टर के सुपुत्र बाबूलाल यादव व सीताराम ने इस मूर्ति का निर्माण करवाया तथा विद्यालय में स्थापित किया। अधिकारी कार्यालय में उप अधीक्षक पद पर तैनात बाबूलाल यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रभावित होकर इस मूर्ति की स्थापना करवाई। मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए विधायक सीताराम यादव ने कहा दुनिया में सबसे बड़ा दान विद्या का दान है तथा विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करना अपने आप में बहुत पुन्य का कार्य है। कनीना के एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा आपकी इस क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है तथा अध्यापकों का नैतिक कर्तव्य है कि वह अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने विद्यालय की बेहतरीन व्यवस्था बनाए रखने के लिए 50000 का अनुदान देने की घोषणा की। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के हेड मास्टर नरेश कौशिक ने मां कौशिक ने सरस्वती की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षण संस्थानों मां सरस्वती की स्थापना हुई है। वहां शिक्षा का माहौल बेहतर बना है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह, करीरा के प्राचार्य रामस्वरूप ककराला, प्राचार्य रामेश्वर दयाल, सूबेदार राम सिंह, सूबेदार समर सिंह, रामपाल जागीदार, रामकिशन, अमित यादव, नीलम यादव, समर सिंह, नरेंद्र निशानियां, राजकुमार पड़तल, पंचायत के समस्त सदस्य ग्रामीण महिलाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दौंगड़ा अहीर में जन विश्वास रैली 10 को: अभय सिंह



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर में आयोजित जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए नारनौल हलके के 18 गांवों का दौरा किया। डा. यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 9 साल उन्होंने सिर्फ काम पर ध्यान दिया। अब वे जिला महेंद्रगढ़ की राजनीति को नई दिशा देने के लिए एक जन विश्वास रैली का आयोजन करने जा रहे हैं। इसमें आप लोगों के सहयोग की मुझे आवश्यकता है ताकि दिखाया जा सके कि महेंद्रगढ़ जिले के लोग एकजुट व संगठित हैं और वे अपने राजनीतिक ताकत पहचानते हैं। ग्रामीण दौरे के दौरान लोगों ने डा. अभय सिंह यादव को डीजे के साथ मोटर साइकिल का काफिला निकालकर फूल मालाओं की बरसात करते हुए जोरदार स्वागत किया। डा. यादव ने बृहस्पतिवार को गांव नूनी शेखपुरा, नसीबपुर, नांगतिहाड़ी, बडक़ौदा, कुतबापुर, शहरपुर, लुनी, सलूनी, दुबलाना, खतरीपुर, खामपुरा, खासपुर, मित्रपुरा, नांगलिया, फैजाबाद, ढाणी फैजाबाद व लहरोदा गांव का दौरा करके लोगों को जन विश्वास रैली का निमंत्रण दिया। इस दौरान उनके साथ नांगल चौधरी पंचायत समिति अध्यक्ष कर्मपाल यादव, नारनौल पंचायत समिति अध्यक्ष पंकज यादव, निजामपुर पंचायत समिति अध्यक्ष विनोद यादव, सीहमा पंचायत समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, मुरली प्रधान नगर पालिका के उप प्रधान संजीव यादव, संजय सैनी, कपिल पार्षद के अलावा अनेक गांवों के सरपंच व पूर्व सरपंच के अलावा सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# मारपीट व पैसे छीनने के मामले में तीन गिरफ्तार

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। नांगल चौधरी क्षेत्र में मारपीट करने और हथियार के बल पर पैसे छीनने के मामले में थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान बिजेंद्र उर्फ बिल्लू वासी नांगल दर्गु, सत्यवीर उर्फ सतीश उर्फ सत्ता वासी जैनपुर और रामबीर उर्फ बल्ला वासी लुजोता के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास वासी छापड़ा बीबीपुर ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि शाम के समय वह गांव के बाहर की ओर से घूमकर वापिस आ रहा था, तभी एक बुलेरो कैम्पर गाड़ी उसके पास रुकी, जिसमें बैठे हुए लोगों ने उसके उपर बंदूक तानी और उसके पास से रुपए छीन लिए और मारपीट करने लग गए। शिकायतकर्ता ने खेतो में भागकर अपनी जान बचाई। शिकायतकर्ता ने नामजद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जेएनवी करीरा में 9 से 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए 7 तक आवेदन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**10 फरवरी को होगी प्रवेश परीक्षा**

नारनौल। जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त स्थानों पर प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर अब 7 नवंबर कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 नवंबर 2023 तक नवोदया डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए 10 फरवरी 2024 तिथि निर्धारित की गई है। प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा पूर्णत निशुल्क सह-शिक्षा आवासीय विद्यालय है। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए कक्षा नौवीं में एक वर्ष का प्रवास (हिंदी भाषी जवाहर नवोदय विद्यालय विजयनगर आंध्र प्रदेश) विभिन्न खेलों में उत्तम व्यवस्था, स्काउट गाइड, कला तथा संगीत की विशेष शिक्षा व सुशोजित पुस्तकालय की उत्तम व्यवस्था विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाती है। प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी जिला का मूल निवासी होना चाहिए एवं जिले के किसी भी सरकारी व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा आठवीं में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्ययनरत होना चाहिए।

# आईजीयू मीरपुर में आयोजित मिशन साहसी में प्रतिभागी बनी छात्राएं

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय वीरवार को महिला उत्थान प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में 5 छात्राओं को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में मिशन साहसी में भाग लेने का मौका मिला। जिसमें लगभग 25 महाविद्यालयों से छात्राओं ने भाग लिया। मिशन साहसी में फाइनल राउंड में 500 छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डा. पलक ने बताया कि इस मिशन के तहत उन्हें आत्मरक्षा की महत्ता बताई। किस प्रकार आपात स्थितियों में निपटने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार होना चाहिए। आधुनिक युग में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां रहते हैं या काम करते हैं, आपको किसी भी तरह का हिंसात्मक या उत्पीडक़ अपराध का शिकार बनने का खतरा है। इससे बचने का एक ही सही तरीका है, कुछ मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और आत्मरक्षा उपकरण के साथ अपनी सुरक्षा करना। सबसे अधिक संभावना यह है कि जब कोई व्यक्तिगत हमला होता है, तो इसकी बहुत अधिक संभावना यह होती है कि पुलिस पास में नहीं होगी और यह भी संभावना है कि पुलिस को केवल नुकसान ही होगा। पब्लिक रिलेशन आफिसर डा. चंद्रमोहन ने बताया कि इन सभी प्रतिभागियों को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति ने महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग के प्रमाण पत्र दिए गए। इन पांचों प्रतिभागियों को महाविद्यालय वार्षिकोत्सव समारोह पर सम्मानित किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय नारनौल की 5 छात्राओं ने डा. गीता रानी की अगुवाई में भाग लिया और मिशन में भाग लेकर सफलता हासिल की।

# प्रतिबंधित नस्ल के कुत्ता पालकों पर कानूनी कार्रवाई करे प्रशासन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



कनीना। सरकार द्वारा प्रतिबंधित कुत्ते पालने को लेकर कस्बा किसी से पीछे नहीं है। यहां के प्रबुद्ध समाजसेवी लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न नस्लों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। जिनको पालने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना पड़ता है। उसे तरह की नस्ल के कुत्ते कस्बे में पाल जा रहे हैं जो आते-जाते लोगों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है, लेकिन जब कोई आदमी उनके मालिकों को कहता है कि अपने कुत्तों को बंद के रखा करो तो यह मालिक उसको बैठाने की बजाय बताने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट के लिए उतारू हो जाते हैं। जिससे परेशान होकर लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों को रखने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि जान माल की हानि से बचाया जा सके। वहीं कुछ लोगों ने यह भी बताया यह कुत्ते सरेआम गलियों में खुले घूमते रहते हैं तथा वहीं पर बच्चे भी खेलते हैं और बड़े भी इन गलियों से निकलते हैं तो यह उन पर टूट पड़ते हैं। जिसके कारण कस्बे में कई लोग इनके शिकार होकर घायल हो चुके हैं। समाजसेवी व प्रबुद्ध जन लोगों ने जिला प्रशासन से मांग कर प्रतिबंधित नस्ल के खूंखार कुत्तों को रखने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है, ताकि जानवर की हानि से बचा जा सके।

# गौशाला में 11 हजार वोल्टेज की लाइन का तार टूटा

**गौशाला में बड़ा हादसा होने का खतरा**

**कई बार विभाग को शिकायत देकर अवगत कराया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई**

**गौशाला में लगभग 400 गाय है और दो दर्जन लोग करते हैं काम**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



कनीना। धनौंदा में स्थित श्री बाबा दयाल गौशाला के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की तारे नीचे लटकने के कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी शिकायत गौशाला प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने विभाग को देकर मामले से अवगत कराया है। गौशाला प्रधान रिटायर्ड इंस्पेक्टर ठाकुर पूर्ण सिंह तंवर, मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर रतन सिंह तंवर, वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर राजेंद्र सिंह नंबरदार, पूर्व पंच घनश्याम सिंह, पूर्व पंच सुनील कुमार, दिनेश शर्मा, ठाकुर कर्मवीर सिंह व विजय कुमार आर्य ने बताया कि धनौंदा में स्थित गौशाला के ऊपर से गुजर रही 11000 बिजली वोल्टेज की लाइन के तार टूट कर लटक रहा है। जिसको लेकर हमने कई बार विभाग को लिखित में मौखिक में शिकायत देकर मामले से अवगत कराया है, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया इस गौशाला में लगभग 400 गए हैं और दो दर्जन के करीब लोग काम करते हैं जब वहां पर कार्य करने वाले लोग चारा डालते हैं तो उनसे मात्र कुछ ही दूरी के ऊपर यह तार लटक रहे हैं तथा गौशाला में खड़े वृक्षों को टच कर रहे हैं। जिसके कारण इन वृक्षों में कभी भी बिजली का करंट आ सकता है और एक बड़ी जान माल की हानि हो सकती है। इस बात को मद्देनजर रखते हुए ग्रामीणों ने उक्त तारों को शिफ्ट करने तथा बीच में एक सीमेंट का खंबा लगाने की गुहार लगाई है, ताकि बिजली की लाइन नीचे ना आए और गए तथा गायों की सेवा करने वाले लोगों का जीवन खतरे से बच सके।

**जागरूकता** | आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया

# साइबर जागरूकता दिवस के तहत महेन्द्रगढ़ में विभिन्न स्थानों पर चलाया जागरूकता अभियान

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र




नारनौल। साइबर जागरूकता दिवस के तहत पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश में आज जिला पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने जिलेभर में पार्क, चौपाल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साइबर अपराध के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। साइबर अपराधों के बारे में आज को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक किया जाता है। जिला महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आज साइबर जागरूकता दिवस पर जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और साइबर अपराध से बचने के उपाय भी बताए। इस दौरान आमजन को बताया गया कि साइबर अपराध हो जाने पर हेल्पलाइन नं 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वर्तमान समय में इंटरनेट की दुनिया में हर व्यक्ति कंप्यूटर और मोबाइल से जुड़ा है। कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं, यदि हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो निश्चित ही इससे बचा जा सकता है। बताया गया कि किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, अनजान नंबरों से आई काल, ओटीपी वेरीफिकेशन को स्वीकार न करें, अपना डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, सीवीवी, एटीएम पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड शेयर न करें। इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड मजबूत व सिक्योर बनाने, इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने बारे सुझाव दिए गए। साइबर अपराधों से संबंधित किसी भी क्राइम पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 नंबर पर शिकायत देते ही साइबर टीम तुरंत बैंक और भुगतान इंटरफेस से संपर्क कर जिस भी खाते में अपराधी ने पैसे ट्रांसफर हैं, उन्हें तुरंत फ्रीज करवा दिया जाता है। इसके बाद मूल खाते में रुपये वापस करवा दिए जाते हैं।

# हकेवि के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विभाग के विद्यार्थियों ने पाईन ट्री पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी, हिमाचल प्रदेश का औद्योगिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। इस भ्रमण में पाईन ट्री पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक अमित सांगवान ने विद्यार्थियों को मुद्रण एवं पैकेजिंग की नई तकनीकों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपयुक्त प्लेसमेंट के लिए भी आश्वस्त किया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस औद्योगिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विभाग के सहायक आचार्य शम्मी मेहरा, तरुण सिंह व सुमन कुमारी भी उपस्थित रहे। विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह के सहयोग व मार्गदर्शन में विभाग समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियों में विषय की व्यावहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से करवाता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्लोटर मशीन, सीटीपी मशीन, कलर ऑफसेट मशीन व अन्य संबंधित मशीनों के बारे में जाना-समझा।

# गला रेतकर युवक की निर्मम हत्या

## नांगल मूंदी स्थित खेत में मिला युवक का खून से लथपथ शव, कपड़े से बंधे थे पैर, गले में भी थी रस्सी

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। रेवाड़ी में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जिले के गांव मूंदी स्थित एक खेत में युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की गर्दन को तेज धारदार हथियार से काटा गया था। इसके अलावा उसके गले और पैर भी रस्सी से बंधे पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। जांच के दौरान नजदीक ही स्थित एक एक खेत से शराब की बोतल व चप्पल भी बरामद की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोचरी में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय महेंद्रगढ़ रोड़ पर गांव मूंदी के एक खेत में किसी राहगीर ने खून से लथपथ युवक का शव पड़ा हुआ देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक युवक के दोनों पैर एक कपड़े से बंधे हुए मिले। साथ ही उसके गले को किसी तेज धारदार हथियार से काटा हुआ पाया तथा गले में रस्सी में भी मिली। खून से लथपथ युवक की हत्या कर शव मिलने की सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए।

### पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन व पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार ने किया मौके का मुआयना



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन तथा डीएसपी पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों ने से मृतक की शिनाख्त संबंधी पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। मृतक के पास से पहचान संबंधी कोई कागजात भी नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है।

पुलिस ने जब आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया तो पास ही स्थित एक खेत से शराब की पोतल तथा चप्पल बरामद की गई। पुलिस टीम ने दोनों चीजों को कब्जे में ले ली है। पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेके तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के अलावा मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

# घी के दीपक जलाकर तथा रंगोली बनाकर करें देवी लक्ष्मी का स्वागत

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से प्रदूषण मुक्त दिवाली हो, घर-घर में खुशहाली हो कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में किया गया।

इस मौके पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर व प्रवक्ता हर्ष कुमार ने कहा कि दिवाली का पावन त्यौहार हम भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या लौटने की खुशी में मनाते हैं। पौराणिक इतिहास में हम देखते हैं प्रभु राम के वापस आने पर सभी नगर वासियों ने पूरी अयोध्या को रंगोली के पावन रंगों से सुसज्जित किया। वर्तमान में हम देखे तो पर्यावरण प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। एक तरफ तो हरे भरे वृक्षों का तेजी से कटाव व दूसरी तरफ कारखानों का बढ़ता हुआ विषैला धुआं। उप प्रधान प्रवीण ठाकुर व विद्यालय प्रवक्ता विमल यादव ने कहा कि दीपावली पर लक्ष्मी जी का हम सभी पूजन करते हैं लेकिन लक्ष्मी माता उन्ही घरों में विराजमान होती है जहां माता.पिता व अपने बड़ों का सम्मान होता है। इस दौरान विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए। मेधावी विद्यार्थियों विवेक, संस्कार, काजल, कंचन, शालू, प्रिया, रोहित, विपिन, लक्ष्मी नारायण व नेहा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल को शहीदे आजमए भारत माताए सुभाष चंद्र बोसए चंद्रशेखर आजाद के चित्र भेंट किए गए।

### दिवाली पर घर का कूड़ा देवता पर फेकने से लक्ष्मी आएगी या जाएगी?: श्रीनिवास शर्मा

रेवाड़ी। सनातन धर्माचार्य श्रीनिवास शर्मा शास्त्री ने कहा कि देखने में आता है कुछ लोग दिवाली से पहले घर का कचरा, जिसमें टूटी हुई गणेश-लक्ष्मी आदि देवों की मूर्ति, फटे हुए कलेंडर, पूजा से बचे हुये फूल, अगरबत्ती की डंडी, पुराने दीपक, राख, जो कूड़े के रूप में होती है उसे देव वृक्ष पीपल में डाल देते है। अगर यह कूड़ा नहीं होता तो आप फेंकते नहीं, घर में ही रखते। दीवार पर लगा हुआ कैलेंडर साल पूरा होने पर बाहर पीपल या शिव चौक या कोई अन्य मंदिर, कुएं या पवित्र जगह फेंक देते हो, क्योंकि आपको यहां छपे हुई देवता की मूर्ति नहीं उसके नीचे छपी हुई साल भर की तारीख देखनी है। उन्होंने कहा कि साल खत्म होते ही देवता का फोटो कूड़े की तरह बाहर फेंक देते हो। जिन देवताओं से सालभर सुख-शांति माँगते हो, उन्ही पर तुम कूड़ा फेंकते हो। देव वृक्ष पीपल और देव मूर्ति पर कूड़ा डालोगे तो कूड़े बदले हीरे मोती नहीं बीमारी, गृह क्लेश, मुकदमे, गरीबी, दरिद्रता आदि दुखों की घर में भीड़ लग जाएगी। इस सारे पूजा के कूड़े को खेतों में डालो, मिट्टी में दबा दो, कोई पाप नहीं लगेगा। पानी या नहर में मत डालो। पीपल में केवल जल चाहिए। जो पीपल हमें रात-दिन आक्सीजन देता है, उसकी टहनी या पत्ता भी तोडना मना है। उसमें कूड़ा डालोगे तो भाग्य में कूड़ा भरेगा। पीपल के जड़ में तेल, गुड़, बताशा, उड़त, तिल, दूध, दही या कूड़ा डालते हें वे अपने हाथ से पांच पीपल के पेड़ लगाएंगे तब वह पाप उतरेगा। लक्ष्मी के भूखे भक्त ऐसे कर्म करेंगे तो लक्ष्मी की बहन दरिद्रता आपके घर में जम जाएगी।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने कोसली विधायक को सौंपा मांगों का ज्ञापन

# 24 घंटे का पड़ाव डाला

- प्रदेश भर के 11 हजार ग्रामीण सफाई कमचारी हड़ताल पर है

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों व सफाई कर्मियों ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के सेक्टर चार स्थित कार्यालय पहुंचकर 24 घंटे के पड़ाव के तहत मांगपत्र सौंपा। कोसली विधायक को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर के करीब 11 हजार ग्रामीण सफाई कमचारी अपनी मांगों को लेकर गत दस अक्तूबर से हड़ताल पर है, लेकिन सरकार उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वेतन में मात्र एक हजार रुपये की मामूली बढ़ोतरी करके कर्मचारियों के साथ मजाक किया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी पिछले 17 सालों से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं तथा 26 हजार वेतन व पक्की नौकरी की मांग को लेकर लगातार आंदोलनरत है।

ज्ञापन में बताया गया कि गत 28 अक्तूबर को मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा एक हजार रुपये बढ़ोतरी की घोषणा से नाखुश ग्रामीण सफाई कर्मचारी आज भी हड़ताल पर है।



कोसली विधायक लक्ष्मण यादव को मांगों का ज्ञापन सौंपते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

उन्होंने बताया कि बातचीत कर मसलों का समाधान न करने तथा दिवाली के त्योहार पर आज तक भी वेतन भुगतान न करने के चलते सफाई कर्मचारियों में हरियाणा सरकार के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे के जिला स्तरीय पड़ाव के माध्यम से सफाई कर्मचारी अनुरोध करते हैं कि आप हरियाणा के पंचायत मंत्री तथा मुख्यमंत्री से बातचीत करके ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों व समस्याओं का वार्ता के माध्यम से समाधान करवाने का कष्ट करें। ताकि दिवाली के त्योहार पर हड़ताल से प्रभावित होने वाली सफाई व्यवस्था को सुचारु रखा जा सके। कोसली विधायक ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग को पुन~ मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान कराया जाएगा।

**एक्शन** एजेंट ने रची थी लूट की झूठी साजिश

# पैसे हड़पने का आरोपी कलेक्शन एजेंट गिरफ्तार

### अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। गढी बोलनी चौकी पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट द्वारा लूट की झूठी साजिश रचकर कलेक्शन की राशि हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला आगरा के गांव शाहरा निवासी गौरव सोलंकी पुत्र धर्मजीत के रूप में हुई है।

जांचकर्ता ने बताया कि राजस्थान के जिला चुरू के गांव बास गोविन्द्र निवासी अनिल कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की वह भारत फाईनेंस रेवाडी ढाणी पीवरा सैक्टर 4 रेवाडी मे क्रेडिट मैनेजर के पद पर नौकरी करता है। 31 अक्तूबर 2023 को उसने क्लेक्शन एजेन्ट के पद पर तैनात गौरव सोलंकी को क्लेक्शन करने के लिए भेजा था। उसने शाम तक कुल 166116 रुपये का क्लेक्शन किया था। इसके बाद उसने बताया कि कलेक्शन की राशि गढ़ी बोलनी रोड पर लूट ली गई है। जब मैने अपने स्तर पर जांच की तो लूट मामला झूठा पाया गया है। गौरव सोलंकी ने खुद क्लेक्शन के रुपये गायब किए है। जिस पर पुलिस ने थाना कसोला में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी गौरव सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



### बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला चुरु गांव बुकलसर बड़ा ताना भानीपुरा निवासी भवानी सिंह उर्फ भानीसिंह पुत्र रघुवीर सिंह के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गांव बालियर खुर्द निवासी महेन्द्रपाल ने अपनी शिकायत में बताया की 15 जुलाई 2020 को उसका भाई योगेन्द्र उसकी बाईक की सर्विस करवा के रेवाड़ी से वापिस आ रहा था। रस्ते में उसका भाई योगेन्द्र कुछ सामान लेने के लिए रेवाड़ी बस स्टैंड के बाहर बाइक को रेहडियों के पास खड़ी करके बस स्टैंड के अन्दर गया था। जब वह सामान लेकर वापिस आया तो उसकी बाइक वहां पर नही मिली। जिस पर पुलिस ने थाना माडल टाऊन में चोरी का मामला दर्ज करके जाँच शुरु की थी। इस मामले में एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने मामले में एक आरोपी भवानी सिंह उर्फ भानीसिंह को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।



## खबर फटाफट

### राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में 2 नवंबर 2023 को प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. चारू मिड्डा रही। निर्णायक मंडल के रूप में डा. लीना शर्मा, डॉ. सुषमा और डॉ. जन्नत खत्री रही। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में टीम सी ने प्रथम स्थान, टीम बी ने द्वितीय स्थान तथा टीम ई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम स्थान, साक्षी ने द्वितीय स्थान और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, नारा लेखन प्रतियोगिता में अनुराधा ने प्रथम स्थान, मंजू ने द्वितीय स्थान और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्राचार्या ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ कविता सैनी, डॉ अंकिता, डॉ. उमा शेखावत, डॉ नीनू सैनी, डॉ निशा तेवतिया, डॉ ललिता चौधरी, डॉ उर्मिला पुष्कर और डॉ पायल शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### लापता 36 वर्षीय व्यक्ति को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुए एक व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत घर से लापता 36 वर्षीय व्यक्ति को तलाश कर परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। व्यक्ति 26 अक्टूबर को बिना बताए घर से निकल गया था जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया नही मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना सेक्टर-17 में दी गई सूचना पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरु कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से कॉम्प्लेक्स एरिया फरीदाबाद से तलाश किया गया। व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि वह घर वालों से किसी बात को लेकर नाराज था। जिसको लेकर वह बिना बताए घर से निकल गया था। परिजनों को पुलिस टीम ने सख्त हिदायत देते हुए हवाले किया है।

### पुलिस ने बड़खल झील के पार्क में लोगों को किया जागरूक




**फरीदाबाद।** थाना सुरजकुण्ड प्रभारी की टीम पुलिस चौकी अनखीर ने अपने एरिया की बडख़ल झील के पार्क में लोगों को महिला विरुद्ध अपराध और नशा के संबंध में जागरुक किया है। महिला विरुद्ध अपराध के जागरुकता अभियान के तहत पुलिस चौकी अनखीर इंचार्ज ओमप्रकाश की टीम ने चौकी के एरिया बडख़ल झील के पार्क में लोगों को महिला विरुद्ध अपराध और नशा के संबंध में जागरुक किया है। साथ ही पुलिस टीम ने नशा के मामले में संलिप्त आरोपियों को भी नशा ना बेचने की हिदायत देते हुए लोगो को कहा की अगर आपके एरिया में कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो आप पुलिस को सूचना दे आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जगरुक करते हुए लोगो को बताया कि अगर किसी भी महिला, लडकी का रास्ते में आते जाते समय किसी के द्वारा पिछाए छेड़छाड़ या भद्दे कमेंट पास करता है तो तुरंत पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर डायल 112 पर सूचना दे। आपकी तुरंत पुलिस के द्वारा सहायता की जाएगी।

# नगर निगम की नरमी के कारण बाजार में फिर हुआ अतिक्रमण

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से चारों तरफ अतिक्रमण, अवैध निर्माण और गंदगी का ही बोलबाला था। पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव ने पदभार सम्भलते की स्थिति में सुधार लगाने के लिए रणनीति तैयार की। जिसके तहत उन्होंने शहर के एक आध बाजार पर ही अतिक्रमण हटाने को पीला पंजा चलाया। जिसके बाद लोगों ने सहयोग करते हुए खुद ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे। वहीं शहर को साफ सुधरा बनाने के लिए उन्होंने लगातार सफाई अभियान चलाए। साथ ही सर्वे करवा कर कुछ अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई शुरू की। लेकिन उनके तबादले और निगम चुनाव की घोषणा के बाद निगम को अभियानों पर विराम लगाना पड़ा। सम्भव है यह राजनेतिक हस्तक्षेप के कारण ही हुआ होगा। लेकिन परिणाम स्वरूप शहर के बाजार एक बार फिर पूरी तरह अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं।





### फिर शहर में हुआ अतिक्रमण

बाजारों में दुकानदार अपने सामने फुटपाथ का भी फड़ वालों से किराया वसूल रहे थे। ऐसे में बाजार में आने वाले लोगों को पैदल चलने तक की जगह नहीं मिल पाती थी। वहीं बाजारों में सडक़ों के किनारे वाहन खड़े होने से शहर में जाम की समस्या ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया था। जिसे देखते हुए निगमायुक्त ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया था। उन्होंने एनएच एक और कुछ अन्य स्थानों पर अतिक्रमण हटाना शुरू ही किया था कि लोगों ने सहयोग करते हुए खुद दुकानों और मकानों के सामने से अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे। जिसके बाद शहर के ज्यादातर बाजार पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली थी।

### चारों तरफ गंदगी का आलम

ईकोग्रीन के कर्मचारी घरों से कूड़ा इक्टठा करने के बाद शहर की सडक़ों के किनारे डाल देते थे। वहीं शहर में चारों तरफ पड़ी गंदगी के कारण नरकीय स्थिति हो गई थी। जिसे देखते हुए निगमायुक्त ने शहर में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने निगम का पूरा अमला अभियान में झोंकने के साथ ही एनजीओ, संस्थानों और लोगों का सहयोग लिया था। उस दौरान कई महा और अन्य सफाई अभियान चलाए गए। जिससे शहर साफ सुथरा दिखने लगा था। जिसके कारण शहर के निवासियों के चेहरे पर भी मुस्कान नजर आने लगी थी। लेकिन पूर्व निगमायुक्त तबादले के बाद एक बार फिर सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। कंपनी ने फिर लापरवाही बरतते हुए शहर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगाने शुरू कर दिये है।

# सूरजकुण्ड मेला परिसर में प्रथम दिवाली उत्सव का आगाज आज से

**3 से 10 नवंबर तक मुख्य चौपाल पर आयोजित किए जाएंगे एकाएक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**शाम 5 बजे पर्यटन मंत्री कंवर पाल गुर्जर करेंगे उत्सव का शुभारंभ**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। सूरजकुंड मेला परिसर में प्रथम दीवाली उत्सव का रंगारंग अनूठा आगाज शुक्रवार को शाम 5 बजे से होगा। इस संबंध में सूरजकुंड मेला परिसर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रथम दीवाली उत्सव का शुभारंभ हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल गुर्जर करेंगे। दीवाली उत्सव के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के अध्यक्ष अरविन्द यादव, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा, निदेशक पर्यटन प्रभजोत सिंह, हरियाणा पर्यटन के एमडी नीरज कुमार, उपायुक्त विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। हर शाम मुख्य चौपाल पर रंगारंग व सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन किया जाएगा। प्रथम दीवाली उत्सव के दौरान 3 से 10 नवंबर 2023 सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित किए जा रहे हैं। 3 नवंबर 2023 शुक्रवार को उद्घाटन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4 नवंबर 2023, शनिवार हिप हॉप प्रदर्शन जिसमें मशहूर कलाकार एमसी स्क्वायर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 5 नवंबर 2023 रविवार को पंजाबी कलाकार अखिल द्वारा पंजाबी हिट्स का एक सनसनीखेज प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। वहीं 6 नवंबर 2023 सोमवार को हरियाणवी सिंगर सुमित गोस्वामी द्वारा एक हरियाणवी पॉप प्रदर्शन प्रस्तुत किया जाएगा। हरियाणा पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा के सहयोग से 7 नवंबर 2023, मंगलवार सुरमयी शाम बॉलीवुड धुनों की एक भावपूर्ण यात्रा होगी। इसके अलावा 8 नवंबर 2023 बुधवार को इंडियन आइडल सेंसेशन सलमान अली की धुनों पर दर्शक थिरकेंगे, 9 नवंबर 2023 गुरुवार को इंडियन ओशियन बैंड के साथ फ्यूजन् रॉक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे तथा 10 नवंबर 2023 शुक्रवार को समापन समारोह के अवसर पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव में आने वाले पर्यटक 250 से ज्यादा स्टालों पर से दिवाली के त्यौहार से सम्बंधित सामग्री की खरीदारी का आनंद ले सकेंगे। देश के अन्य राज्यों से आए शिल्पकारों द्वारा यह स्टालें लगाई जाएंगी। दिवाली उत्सव में आने वाले पर्यटकों के लिए 30 रुपये की एंट्री टिकट रखी गई है। जबकि साथ ही 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए एंट्री फ्री रखी गई है। स्कूली विद्यार्थी भी अपना पहचान पत्र दिखाकर एंट्री कर सकते हैं। पत्रकारों के लिए भी पहचान पत्र के आधार पर इंट्री रखी गई है। वाहन पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था भी की गयी है जिससे कि आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर सत्ता तक पहुंचती है पार्टी : उदयभान

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. उदयभान के जन्मदिवस पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला के संयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होडल स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बुक्का भेंट किया और उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। इस दौरान श्री सिंगला ने 21 किलो का केक कटवाकर उदयभान का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें शॉल भेंट करके फूल मालाआकिया और उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, चौ. भूपेंद्र हुड्डा जिंदाबाद, चौ. उदयभान जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ही पार्टी सत्ता तक पहुंचती है और कांग्रेस पार्टी में मेहनतकश और कर्मठ कार्यकर्ताओं की लम्बी फौज है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ सालों में इस देश व प्रदेश को विकास की धुरी से पूरी तरह उतार दिया है इसलिए प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता अब पूरी तत्परता से जुट आए और इस जनविरोधी भाजपा सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करे ताकि आने वाले 2024 में देश और प्रदेश से इस जनविरोधी सरकार को सत्ताविहिन करके कांग्रेस के रूप में अपनी सरकार का गठन किया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने कहा कि जब से चौ. उदयभान ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की कमान संभाली है, जब से हरियाणा में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूती की ओर बढ़ रहा है, उन्होंने कहा कि चौ. उदयभान स्वच्छ छवि एवं मृदुभाषी व्यक्ति है और प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान देते है, उनकी इस कार्यशैली की प्रशंसा पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता करते है।

# गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किया वितरित

**माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा सुपोषित मां अभियान के तहत किया वितरण**

**12वीं बार 50 गर्भवती महिलाओं और 33 टीबी मरीजों को सुपोषित आहार की किट प्रदान की गई**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आज सैक्टर-30 स्थित स्वास्थ्य विभाग के एफ आरयू-1 में सुपोषित महा अभियान के अंतर्गत 12वीं बार गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महेश वंदना से की गई। मंच का संचालन महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल एवं सचिव श्रवण मीमाणी ने किया। इसके पश्चात इस कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक नीतू भूतड़ा एवं आशू झंवर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बागला ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के अंजू बागला व मधुसूदन बागला हिंदुस्तान एडहेसिव्स लिमिटेड थे। कमल आगीवाल ने बताया कि इस 12वीं बार 50 गर्भवती महिलाओं और 33 टीबी मरीजों को सुपोषित आहार की किट प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में 150 गर्भवती महिलाएं और 33 टीबी मरीजों के अलावा उनके साथ आए उनके परिजनों ने भी सुपोषित आहार ग्रहण किया। लगभग 325 लोगों द्वारा सुपोषित आहार ग्रहण किया गया। सभी के लिए सुपोषित आहार की व्यवस्था देवेश चांडक एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में सुपोषित आहार की किट तैयार करने से लेकर बांटने तक के सफर में काफी संख्या में समाज सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल, सचिव श्रवण मिमाणी, रमेश झंवर, देवेश चांडक, ललित परवाल, मालचंद जाजू, रामनिवास भूतड़ा, समाजसेवी विमल खंडेलवाल एवं विकास झंवर, महिला मंडल की अध्यक्षा पुष्पा झंवर, आशु झंवर, नीतू भूतड़ा एवं पूनम मोहता सभी ने हर काम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

# 5 हजार का ईनामी आरोपी देसी पिस्तौल व 1 जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार



**क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 टीम की कार्यवाही**

**आरोपी पर लडाई-झगडे, हत्या के प्रयास, स्नैचिंग और अवैध हथियार के केस दर्ज हैं**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सै-65 प्रभारी तरुण की टीम ने अपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपी को देसी पिस्तौल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेश उर्फ राजू है। आरोपी पलवल के का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नीलम चौक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी पिस्तौल और जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी को वर्ष 2014 में एक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसका मामला थाना सदर बल्लभगढ़ में दर्ज है। आरोपी सदर बल्लभगढ़ के मामले में जमानत पर था। माननीय आदालत में पेश ना होने पर आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ़ में पीओ का मामला वर्ष 2018 में दर्ज किया गया था। आरोपी पर वर्ष 2017 में शिकायतकर्ता दिनेश के द्वारा पिस्टल दिखाकर 50000 रूपए की मांग की शिकायत पर थाना एनआईटी में फिरौती मांगने व अवैध हथियार की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। फिरौती के मामले में आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी माननीय अदालत से फिर से जमानत पर आ गया था। जिसके बाद अदालत में पेश न होने के कारण आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में पीओ का मामला दर्ज किया गया था। इसके साथ ही आरोपी राजेश ने वर्ष 2018 में अपने साथियों के साथ मिलकर दिनेश के साथ देसी पिस्तौल, डंडे, रॉड लोहा व हथौड़े से मारने की नियत से मारपीट की थी। जिसमें शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने 50 हजार रुपए भी लूट लिए थे। जिसका मामला थाना एनआईटी में दर्ज किया गया था। इसके साथ ही आरोपी राजेश ने अपने साथियो के साथ मिलकर वर्ष 2019 में वीरेन्द्र जो चौकीदारी का काम करता है को देसी पिस्तौल दिखा कर कार्यालय के गेट पर तोडफोड कर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसका मामला थाना सारन में दर्ज है। आरोपी को थाना एनआईटी के 50 हजार रुपए की लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को उत्तर प्रदेश के जेवर से शौक के लिए वर्ष 2016 में खरीद कर लाया था। आरोपी पर 5000 रूपए का ईनाम घोषित है। आरोपी पर पूर्व में फरीदाबाद के थानों में 10 मामले लडाई-झगडे, हत्या के प्रयास, स्नैचिंग और अवैध हथियार की धाराओं में दर्ज है। आरोपी अभी जेल से जमानत पर आया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# 5 पुलिसकर्मियों को हीरो ऑफ द वीक प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसल-अफजाई करने के लिए हीरो ऑफ द वीक अभियान शुरू किया है जिसके तहत पुलिस कमिश्नर ने आज 5 सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व इनाम देकर उन्हें सम्मानित किया। पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए कार्यों की चाय पर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में बुलाया जहां पर पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त ने इन पुलिस कर्मियों के साथ बैठकर चाय पी तथा पुलिस कर्मियों के फील्ड के अनुभव के बारे में फीडबैक लिया तथा अपने कार्यों को ओर बेहतर बनाए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि फील्ड में तैनात पुलिस कर्मी ही पुलिस की असली पहचान है और उसी से पुलिस की छवि प्रदर्शित होती है। ईमानदारी से अच्छा कार्य करके पुलिस की छवि को सुधारना और अच्छा बनाना। पुलिस का काम अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ कर सजा और पीड़ित को न्याय दिलाना। अपने एरिया में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखे। उन्होंने आज चयनित हीरो ऑफ द वीक अपने संबोधन मे कहा कि आगे भी अच्छा काम ईमानदारी और नेक नियती से करते रहे।

# स्किल एजुकेशन का दोहरा मॉडल देखने पहुंचे जापानी मेहमान

भरोसा मित्र ब्यूरो



पलवल। जापान के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा कर भारत के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने डाइकी के चेयरमैन ओगामे हिरोशी के नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक लैब देखी और जम कर सराहना की। यहां पहुंचने पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने जापानी मेहमानों का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कौशल विश्वविद्यालय के दोहरे मॉडल की विशेषताओं से अवगत करवाया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यहां वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप जॉब रोल में विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने जापानी लैंग्वेज में डिप्लोमा कर रहे विद्यार्थियों का भी उल्लेख किया। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने जापानी प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय के मॉडल के बारे में विस्तार से ब्यौरा देते हुए कहा यह अपने आप में अनोखा मॉडल है। जहां स्किल पीएचडी से लेकर अन्य स्किल पर आधारित प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने विश्वविद्यालय के चारों संकायों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारत में डाईकी के एमडी रेहिओ वाजा, सीईओ कमल तिवारी और सलाहकार केसी पांडे ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए जापानी मेहमानों की जिज्ञासाओं को तृप्त किया। के सी पांडे ने बताया कि इस विश्वविद्यालय से जापानी भाषा में डिप्लोमा कर रहे 14 विद्यार्थियों को डाईकी ने अपनी फैक्ट्री में नियुक्त किया है और 4 विद्यार्थी कंपनी में काम कर रहे हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने जापानी प्रतिनिधिमंडल के सामने विद्यार्थियों की स्किल और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी योग्यताओं के बारे में बताया। इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के संयुक्त निदेशक विनीत सूरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

बैठक कर किसान बोले

# प्रशासन ने शुगर मिल शुरू नहीं की तो 9 नवंबर से किसान आंदोलन करेंगे

भरोसा मित्र ब्यूरो



पलवल। संयुक्त किसान मोर्चा पलवल की बैठक स्थानीय जाट धर्मशाला के अंदर मोर्चा के नेता सोहनपाल चौहान की अध्यक्षता में हुई मीटिंग का संचालन मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने किया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान व धर्म चंद घुघेरा ने कहा कि शुगर मिल पलवल मिल प्रबन्धक शशि वसुंधरा से पिछले दिनों उनके कार्यालय में किसान मोर्चा पलवल के प्रति निधि मंडल ने मुलाकात कर शुगर मिल को 1 नवंबर से शुरू करने की मांग की थी जिस पर प्रबन्धक शशि वसुंधरा ने मिल को नवंबर के पहले सप्ताह में चलाने का आश्वासन दिया था, किसान नेताओं ने कहा कि शुगर मिल को आश्वासन के अनुसार 8 नवंबर से नहीं चलाया गया तो 9 नवंबर से किसान मोर्चा पलवल शुगर मिल पर अपना आंदोलन शुरू कर देगा। किसान नेताओं ने कहा कि पिछले वर्ष मिल समय पर न चलने के कारण किसानों को बहुत नुक्सान पहुंचा था समय पर मिल चलने से खेत खाली होने पर किसान गेहूं आदि अन्य फसलों की बिजाई कर सकते हैं। यमुना नगर में शुगर मिल 31 अक्टूबर से चालू हो गई तो पलवल में क्यों नहीं हो सकता। क्षेत्र के अंदर डी ए पी खाद की किल्लत से किसान को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समय किसानों को डी ए पी खाद की बहुत जरूरत है परंतु डीएपी की कालाबाजारी या उसके साथ डीलरों द्वारा जबरदस्ती अन्य सामान देने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा जबकि किसान मोर्चा के नेताओं ने उपायुक्त पलवल व एसडीएम पलवल के सामने यह समस्या उठाई और उन्होंने आश्वासन भी दिया कि किसानों को किसी प्रकार की किल्लत नहीं होगी परन्तु किसान आज भी खाद के लिए भटक रहे हैं। बैठक के अंदर किसान मोर्चा के नेता ताराचंद प्रधान, बीधू सिंह, रूपराम तेवतिया, हुकम सिंह चौहान, नरेंद्र सहरावत, श्री चन्द महाशय,रणजीत सिंह चौहान, जय नारायण पंच ,बादाम सिंह सरपंच, जसवीर सिंह थानेदार,शिव सिंह थानेदार, सुमेर सिंह चौहान ने भाग लिया।

योजना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया 5 नई योजनाओं का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना कारगर : बनवारी

**40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत. चिरायु योजना का उठा सकेंगे लाभ**

**अंत्योदय उत्थान के लिए हरियाणा सरकार का नया और बेहतर प्रकल्प**

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया। इस योजना में उन अंत्योदय परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगाए जो ऋण लेकर मिनी डेरी खोलना चाहते हैं। ऐसे परिवार जब मिल्क युनियन में दूध बेचेंगे तो उन्हें एक साल तक दूध पर सहकारिता यूनियन के मूल्य से प्रति लीटर 10 रुपये ज्यादा दिए जाएंगे। डा. बनवारी लाल ने कहा कि सहकारिता से आर्थिक क्षेत्र के द्वार खुलेंगे और इसमें महिलाओंए युवाओं को जोडऩे का कार्य किया जाएगा। यदि महिला और युवा आर्थिक रूप से सशक्त हो गए तो देश व प्रदेश भी तरक्की की और अग्रसर होगा उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान के लिए चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं में आज एक और नया अध्याय जुड़ गयाए जब केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की उपस्थिति में अंत्योदय उत्थान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई नई योजनाओं का शुभारंभ किया। इन योजनाओं से गरीब परिवार लाभान्वित होंगे उनमें आर्थिक खुशहाली आएगी और सरकार का अंतोदय उत्थान का सपना भी साकार होगा। हरियाणा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला करनाल में आज आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 5 नई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया।

### आयुष्मान भारत. चिरायु योजना में 14 लाख नए परिवार जुड़े

*नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में अथक प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में हरियाणा के 15 लाख परिवारों को 5 लाख रुपये का वार्षिक इलाज मुफ्त मिलता है। साथ ही हरियाणा सरकार की चिरायु योजना से अब तक लगभग 11 लाख परिवारों को यह लाभ मिल रहा है। इस योजना में राज्य के 14 लाख नए परिवारों को इस योजना में जोड़ा है। अब केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना को मिलाकर हरियाणा के लगभग 40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत. चिरायु योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके अतिरिक्त 1.80 लाख से 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले लगभग 38 हजार परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।*

### हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी)

*हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना ;हैप्पीद्ध का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत सालाना 1 लाख रुपये से कम आय वाले अंत्योदय परिवारोंए जिनके 3 से अधिक सदस्य हैंए के हर सदस्य को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी।*

### आय वृद्धि बोर्ड का गठन

*हरियाणा में अंत्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का शुभारंभ किया। यह बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिए अभी तक राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व समीक्षा करेगा। इतना ही नहींए यह बोर्ड आय जल्दी से बढ़ाने के लिए नई योजनाएं भी बनाएगा और उनका कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगा।*

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू

*मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में 1०80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 साल से अधिक आयु के सदस्यों को अयोध्याए वाराणसी आदि तीर्थों के दर्शन करवाए जाएंगे। इसमें आने.जाने का सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। गरीब लोगो को तीर्थ स्थानों के फ्री में दर्शन करने अवसर मिलेंगे।*

## खबर फटाफट

### रिटायर्ड रेलवे कर्मियों से धोखाधड़ी,5 लाख हड़प लिए

अंबाला: जिले में रेलवे से रिटायर 2 कर्मचारियों से उनके बेटे को पंजाब नेशनल बैंक में सेवादार की नौकरी लगवाने के नाम 5 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपी ने पहले गुमराह करके रखा और बाद लॉकडाउन में कर्मचारियों की छंटनी का बहना बना हाथ खड़े कर दिए। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। गांव तलहेड़ी निवासी मांगे राम और अधोया निवासी जीत राम ने बताया कि वे गांव अलावलपुर निवासी अश्विनी को पिछले 5-7 सालों से जानते हैं। अश्विनी ने उनसे उनके बेटों की नौकरी के नाम पर ठगी की। बैंक की शर्त बताते हुए कहा कि 2 पदों के लिए 2.50- 2.50 लाख रुपए की डिमांड की। विश्वास करके उसे 5 लाख रुपए और डॉक्यूमेंट्स दे दिए। एक महीने बाद आरोपी को फोन किया तो कॉल नहीं उठाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सिरसा लघु सचिवालय घेरा, नारेबाजी की

**सिरसा :** जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार दोपहर लघु सचिवालय में पड़ाव डाल दिया। उन्होंने घोषणा की कि वे अगले 24 घंटे ग्रामीण सफाई कर्मचारी लघु सचिवालय में धरने पर बैठे रहेंगे। शुक्रवार दोपहर को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निवास का घेराव करेंगे। सिफाई कर्मचारियों ने धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### आधी रात अस्पताल में हंगामा, मरीज को बाहर निकल कर मार पीट की

**हिसार :** यहां एक निजी अस्पताल में घुसकर आधी रात को कुछ युवकों ने हंगामा किया। दरवाजा खोलने के लिए आए एक मरीज को बुरी तरह से पीट-पीट कर घायल कर दिया। हमलावर बाद में अस्पताल को आग लगाने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए बाद में नागरिक अस्पताल में ले जाया गया है। आजाद नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रात को मामले की जांच की। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है। राजस्थान के सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बीमार होने के कारण राजगढ़ रोड पर एक निजी अस्पताल में अपना इलाज कराने के लिए आया था। बुधवार रात करीब डेढ़ बजे अस्पताल में 3 युवक आए। मुझे देखकर उन्होंने अस्पताल का गेट तोड़ दिया और मेरे साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे तलाश रही है।

### छठ को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

**यमुनानगर :** जिला लघु सचिवालय के बाहर पूर्वांचल महासभा ने छठ पूजा पर्व को लेकर घाटों पर साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार जगाधरी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से कहा कि 18 नवंबर को छठ पर्व मनाया जाना है। इसके लिए घाटों पर साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएं। महासभा के जिला प्रधान मुकेश भगत ने कहा कि 18 नवंबर को पूर्वांचल वासियों का मुख्य पर्व छठ पूजा आने वाली है। जिसे पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। हरियाणा में पूर्वांचल के लोगों की संख्या 40 लाख है। त्योहार मनाने के दौरान पूर्वांचल वासियों को कोई भी विशेष सुविधा नहीं दी जाती है।इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इसलिए समय रहते घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए।अन्य त्योहारों की तरह छठ को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने के साथ अवकाश की मांग की गई।

### 60 नई बसों का टेंडर जारी किए

**चंडीगढ़:** दिल्ली सरकार के दिल्ली में बीएस6 बसों की एंट्री के आदेश के बाद दिल्ली जाने के लिए कई प्रदेशों की बस सेवा प्रभावित हो गई हैं। लेकिन बताया गया है कि चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सीटीयू की तरफ से कहा गया है कि उनकी तरफ से दिल्ली जाने वाली सभी बसें बीएस 6 हैं। इस कारण उन्हें इस आदेश से कोई असर नहीं पड़ेगा।चंडीगढ़ से हर रोज करीब 22 बस दिल्ली के लिए जाती हैं। इनमें से 15 बस सीधे दिल्ली बस स्टैंड के लिए जाती हैं, जबकि सात बसें दिल्ली होते हुए दूसरे शहरों के लिए जाती हैं। साथ 60 और बसों की खरीद के लिए टेंडर जारी किए गए हैं।

### मकान ढहने से युवक की मौत, पत्नी बाल-बाल बच गई

**पानीपत :** पचरंगा बाजार के पूर्वीयान घाटी में प्राचीन हनुमान मंदिर के पास आज सुबह एक जर्जर मकान की दीवार ढह गई। गली से बाइक पर जा रहे दंपती इसकी चपेट में आ गए। मलबा गिरने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी बच गई। युवक की पहचान 35 वर्षीय सुशील के तौर पर हुई है। वह सुताना गांव का रहने वाला था। लोगों ने बताया कि जर्जर मकान करीब 80 वर्ष पुराना बताया है जो पिछले करीब 25 साल से बंद था। मकान मालिकों ने इसको गिरने के लिए मजदूर तक लगाए थे। गली में किसी प्रकार की बेरेकेडिंग या बंद करने के साधन न होने की वजह से हादसा हुआ।मौके पर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गिल, थाना शहर प्रभारी जाकिर हुसैन और नगर निगम के जिला योजना कर राजेश कौशिक मौके पर पहुंच गए थे।

### महिला आयोग ने जींद के जिला शिक्षा अधिकारी को चंडीगढ़ तलब किया

**उचाना :** सरकारी स्कूल में प्राचार्य पर छात्राओं को प्रताड़ित करने लगाए गए आरोपों के मामले में हरियाणा महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ कुछ अन्य अधिकारियों को भी चंडीगढ़ बुलाया गया है ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। जानकारी के अनुसार महिला आयोग अब तक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस जांच में अब तक जो भी तथ्य जुटाए गए हैं, उनक्की जांच करने के बाद इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला यूथ कांग्रेस ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**सिरसा :** जिला यूथ कांग्रेस के महासचिव वेद भाट ने शहर के अनेक युवाओं के साथ मिलकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर परिषद द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों में धांधली का भी आरोप लगाया।बताया इसके विरोध में यह कदम उठाया गया है।

अमित शाह ने किया पांच नई योजनाओं का शुभारंभ

# आयुष्मान भारत- चिरायु योजना से 14 लाख नए परिवार जुड़े

**शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान के लिए चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। गुरुवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में अंत्योदय उत्थान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई नई योजनाओं का शुभारंभ किया।अंत्योदय महासम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 5 नई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया।

**आयुष्मान भारत- चिरायु योजना में 14 लाख नए परिवार जुड़े**

हरियाणा में डबल इंजन की सरकार द्वारा जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में अथक प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में हरियाणा के 15 लाख परिवारों को 5 लाख रुपये का वार्षिक इलाज मुफ्त मिलता है। साथ ही हरियाणा सरकार की चिरायु योजना से अब तक लगभग 11 लाख परिवारों को यह लाभ मिल रहा है। आज केंद्रीय गृह मंत्री ने इस योजना में राज्य के 14 लाख नए परिवारों को इस योजना में जोड़ा है। अब केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना को मिलाकर हरियाणा के लगभग 40 लाख अंत्योदय परिवार आयुष्मान भारत- चिरायु योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके अतिरिक्त 1.80 लाख से 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले लगभग 38 हजार परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

**हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड**

अमित शाह ने हरियाणा में अंत्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड का शुभारंभ किया। यह बोर्ड अंत्योदय परिवारों के लिए अभी तक राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व समीक्षा करेगा। इतना ही नहीं, यह बोर्ड आय जल्दी से बढ़ाने के लिए नई योजनाएं भी बनाएगा और उनका कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगा।

**हैप्पी का शुभारंभ**

केंद्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत सालाना 1 लाख रुपये से कम आय वाले अंत्योदय परिवारों, जिनके 3 से अधिक सदस्य हैं, के हर सदस्य को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा दी जाएगी।

**मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजन**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में उन अंत्योदय परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो ऋष्टा लेकर मिनी डेरी खोलना चाहते हैं। ऐसे परिवार जब मिल्क युनियन में दूध बेचेंगे तो उन्हें एक साल तक दूध पर सहकारिता युनियन के मूल्य से प्रति लीटर 10 रुपये ज्यादा दिए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 साल से अधिक आयु के सदस्यों को अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थों के दर्शन करवाए जाएंगे। आने-जाने का सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

### प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

अंत्योदय महासम्मेलन में सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एक बड़ा आकर्षण का केंद्र रही। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभाग द्वारा लगभग 8000 वर्ग फुट एरिया में लगाई गई इस भव्य प्रदर्शनी में अंत्योदय परिवारों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इस प्रदर्शनी की सबसे खास बात यह रही कि बड़ी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई और अंत्योदय परिवारों के लिए सबसे अधिक प्रभावी 9 योजनाओं पर आधारित 9 सेल्फी प्वॉइंट बनाए गए। अंत्योदय परिवारों के सदस्यों ने भी 100-150 ग्रुप के अनुसार प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सेल्फी प्वॉइंट पर सेल्फी खींच कर प्रदर्शनी का आनंद लिया।

# कई मायनों में अहम रहा अंत्योदय पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**महासम्मेलन में पहुंचे और लोगों की विशेषकर महिलाओं की उपस्थिति देखकर गदगद नजर आये शाह**



**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** हरियाणा गठन की 57वीं वर्षगांठ पर यहां आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम कई मायनों में अहम रहा। विगत नौ वर्षों से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुये समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को पहले पायदान पर लाने के लिये कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का यह सपना आज उस समय साकार नजर आया जब केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह अंत्योदय महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। हरियाणा का करनाल जिला प्रदेश का सबसे अधिक पैदावार देने वाला जिला है। हरित क्रांति में अहम योगदान देने वाला यह जिला अब श्वेत क्रांति की ओर भी अग्रसर है। यहां के मत्स्य पालक सुलतान सिंह को पदम श्री पुरस्कार से भी नवाजा गया है। सहकारिता के क्षेत्र में भी यह जिला नई बुलंदियां छू रहा है। पिछले दिनों सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ही यहां एग्रो मॉल को हैफेड का निर्यातक हाउस के रूप में लोकार्पण किया था। अब हैफेड के सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे आ गये हैं और उनका निर्यात संभव हुआ है। एक बार फिर आज अमित शाह यहां सेक्टर चार में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन में पहुंचे और लोगों की विशेषकर महिलाओं की उपस्थिति देखकर गदगद नजर आये। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अंत्योदय भावना से जनसेवा करने के लिये पीठ भी थपथपाई। इससे आने वाले चुनावों के लिये भी अमित शाह स्पष्ट संदेश दे गये कि मनोहर लाल ही पार्टी पंसद हैं। आज का अंत्योदय महासम्मेलन भी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के लिये अग्नि परीक्षा से कम नहीं है जब 2014 में पहली बार 26 अक्तूबर को मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा था तो उस समय एकाएक ही 22 जनवरी 2015 को ऐतिहासिक नगरी पानीपत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, राष्ट्व्यापी अभियान की शुरूआत करने की जिम्मेवारी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को सौंप दी थी। सरकारी प्रयासों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध व्यक्तियों व खापों के सहयोग से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान सफल हुआ और हरियाणा में लिंगानुपात उस समय एक हजार लडक़ों के पीछे 861 लड़कियों का था जो अब बढ़कर 922 हो गया है। यह समाज में लड़कियों के प्रति सकारात्मक सोच का परिणाम है। कभी हरियाणा के नाम पर कन्या भ्रूण हत्या का कलंक था उसको मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने धोया है। आज हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में लोहा मनवा रही है। खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य की बात है यहां तक कि चंद्रयान-3 में भी हरियाणा की बेटियों ने अइम योगदान रहा। अंत्योदय महासम्मेलन में महिलाओं की भागेदारी देखने को मिली। कुल 17 में से 5 प्रवेश द्वारा केवल महिलाओं के लिये बनाये गये थे। पांचों पर प्रवेश के लिये महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिला पुलिस कर्मियों में भी आगंतुक महिलाओं के लिये प्रवेश करवाने में उत्सुकता देखने को मिली। लाभार्थियों के साथ-साथ कुछ महिलाओं को चूल्हा चौकी का निपटा कर केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री को सुनने पहुंची थी। मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम में भी महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही है। कुछ महिलाओं का कहना था कि उनके पड़ौस के गांव व शहर में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का जनसंवाद कार्यक्रम हुआ, था उस समय किसी कारणवश मुख्यमंत्री को सुनने नहीं पहुंच सकी थी। इसलिये आज कुछ संगिनियों के साथ यहां पहुंची हैं। पहली बार 50 प्रतिशत से अधिक पंचायती राज संस्थाओं में पढ़ी लिखी महिलाओं की भागीदारिता मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल प्रयासों से संभव हुई है। जनसंवाद कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के साथ मंच सांझा कर महिला सरपंच खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। आज अंत्योदय महासम्मेलन भी मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम से कम नहीं है और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर समाज में संदेश दिया है कि वे अब घूंघट की आड़ में चूल्हा चौकी तक सीमित नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में पुरूषों के मुकाबले आगे हैं।

## आचार्य देवव्रत के भाई के निधन पर जताया शोक

**भरोसा मित्र**

**पानीपत।** सीएम मनोहर लाल गुरुवार को पानीपत पहुंचे। उन्होंने सेक्टर 18 में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के भाई सूबे सिंह के निधन पर शोक जताया।

बता दें कि सीएम दोपहर 3-25 बजे पानीपत आए थे। यहां गर्वमेंट कॉलेज स्थित हेलीपेड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। यहां से वे गाड़ी के माध्यम से सेक्टर 18 स्थित वीरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे।

इस मौके पर उनके साथ राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार और पार्षद विजय जैन समेत अन्य पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। कुल मिलाकर मौके पर 30 लोग मौजूद थे। परिवार से मुलाकात कर, दुख प्रकट करने के बाद सीएम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए।

हालांकि यहां से उन्हें पहले दिल्ली जाना जाना था, लेकिन किन्हीं कारणों के चलते उनका दिल्ली का कार्यक्रम रद्द हो गया और वे पानीपत से वापस चंडीगढ़ रवाना हो गए। सीएम के आवागमन को देखते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली थी। सेक्टर 13-17 के हेलीपेड समेत सेक्टर 18 सामाजिक कार्यक्रम स्थल के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिसकर्मियों समेत गुप्तचर विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

## फायरिंग व 50 करोड़ की रंगदारी मांगने के पांच दोषियों को दस-दस साल की कैद

**रेवाड़ी :** कस्बा बावल स्थित एक शोरूम पर फायरिंग कर 50 करोड़ की रंगदारी मांगने के पांच आरोपियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सुशील कुमार की अदालत ने दोषी करार देते हुए दस-दस साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही बदमाशों पर 77 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार रेवाड़ी की शांति लोक सोसायटी निवासी राहुल बत्रा ने कस्बा बावल के सर छोटूराम चौक के निकट सैनिटरी व टाइल का शोरूम किया हुआ है। गत 24 मई 2022 को दोपहर के समय बाइक पर आए तीन बदमाश उनके शोरूम में घुस गए। बदमाशों ने राहुल बत्रा से 50 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी पर गोली चला दी थी। बदमाशों की गोली दुकान में लगे शीशे पर जा लगी।

# धान समेत इन सभी फसलों का तुरंत मुआवजा जारी करने मांग

**भरोसा मित्र**

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव मंडल ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के रेवेन्यू विभाग ने 31 अक्टूबर को फतेहाबाद जिले का खरीफ 2022 का भारी बारिश व जलभराव से बर्बाद फसलों का 125 करोड़ रुपए का मुआवजा जारी किया है।

संगठन ने कहा कि यह जीत किसानों व किसान संगठनों के द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले लगातार चलाए गए आंदोलन और संघर्ष का परिणाम है। किसानों के हक की इस लड़ाई में अखिल भारतीय किसान सभा ने भी अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है। किसान सभा के जिला सचिव मास्टर राजेंद्र बाटू ने बताया कि इस वर्ष आई विनाशकारी बाढ़ से फतेहाबाद जिले के हजारों एकड़ फसलें जलमग्न हो गई थीं। इसके साथ-साथ रिहायशी मकानों, ढाणियों, ट्यूबवेलों को भी भारी नुकसान पहुंचा था। जिले के दर्जनों गांवों के सेम ग्रस्त होने के कारण हजारों एकड़ भूमि खाली पड़ी हैं। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त ने कहा कि जिले के एक बड़े भाग में बारिश न होने के कारण फसलें सूखे की चपेट में आई। इन तमाम मुद्दों को लेकर किसानों ने बार-बार प्रशासन व सरकार को अवगत कराया है और जिला मुख्यालय पर डेढ़ महीने के करीब पड़ाव भी डाला गया था। इसके बाद सरकार ने किसानों को नुकसान के आंकड़े पोर्टल पर दर्ज करने को कहा था, लेकिन सभी किसान पोर्टल की जानकारी न होने के कारण या पोर्टल के सही तरह से न चलने परेशानी आई।



## कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलवाने के नाम पर की लाखों रुपये धोखाधड़ी

**भिवानी :** मध्य प्रदेश में वर्ष 2013 में हुए व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) घोटाले के नामजद आरोपित मुकेश ने अपने दोस्त अंकित के साथ मिलकर नामी कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी का काम शुरू कर दिया। दोनों के खिलाफ हरियाणा, मध्य प्रदेश और दिल्ली में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत चार-चार केस दर्ज है। जिन्होंने जिले के गांव निनान निवासी पूर्व सैनिक से भी बीयर कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलवाने के नाम पर 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। साइबर अपराध पुलिस थाना की टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया और उनसे चार दिन रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की। मुख्य आरोपित अंकित से नकदी भी बरामद की। दोनों को पूछताछ के बाद जेल में भेज दिया। चरखी दादरी के गांव बेराला निवासी करीब 30 वर्षीय मुकेश ने एलएलबी की पढ़ाई की हुई है।

# कुश्ती, ताइक्वांडो व साइकिलिंग ट्रैक इवेंट में हरियाणा ने झटके मेडल

**पुरुष वर्ग की टेनिस टीम ने पहली बार ब्रोंज मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की**

**भरोसा मित्र**





**पणजी/ चंडीगढ़।** गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुश्ती में जहां तीन गोल्ड मेडल और चार ब्रॉन्ज मेडल जीते वहीं साइकिलिंग ट्रैक इवेंट के पहले दिन एक गोल्ड मेडल, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफलता हासिल की है।

कुश्ती के मुकाबलों के 62 किलो भार वर्ग में मनीषा ने, 76 किलो भार वर्ग में रितिका हुड्डा और 130 किलोग्राम भार वर्ग में प्रवेश ने गोल्ड मेडल जीता जबकि 67 किलो भार वर्ग में अनिल ने, 57 किलोग्राम भार वर्ग में उदित ने, 97 किलोग्राम के भार वर्ग में विक्की और प्रवीण चाहर ने प्रदेश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। ताइक्वांडो के मुकाबले में सोनम रावल ने अंडर 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदेश को गोल्ड मेडल हासिल किया जबकि अमन ने अंडर 68 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। गीता, रितु व प्रिया ने भी प्रदेश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाए। साइकिलिंग ट्रैक इवेंट के पहले दिन हुए मुकाबले में मीनाक्षी ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया

अनिल ने सिल्वर और मनजीत ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं, हरियाणा की पुरुष वर्ग की टेनिस टीम ने पहली बार ब्रोंज मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की गतका टीम से सुनिधि ने व्यक्तिगत वर्ग में गोवा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

उन्होंने 53- 47 के अंतर से जीत दर्ज की। अब सुनिधि का अगला मुकाबला पंजाब से होगा। गतका टीम के खिलाड़ी खुशविंदर सिंह और जयविंदर सिंह से भी प्रदेश को पदक की उम्मीद है। हरियाणा गतका एसोसिएशन के सचिव सरदार स्वर्ण सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेलों और खिलाड़ियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

# जीआरपी जवान की गोली लगने से मौत

## पत्नी ने कहा: मैंने मारी है गोली

**पुलिस ने केस दर्ज करके मां-बेटे को गिरफ्तार, दोनों से पूछताछ के बाद खुलेगा जवान की मौत का राज**

**भरोसा मित्र**

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर 10 थाना इलाके में पुलिस जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजबीर नामक यह जवान रेवाड़ी में जीआरपी में तैनात था। राजबीर की पत्नी ने राजबीर की मौत की जिम्मेवारी अपने ऊपर ली है। उसका कहना है कि मैंने अपने पति को गोली मारी है। मामला पारिवारिक संपत्ति का बताया गया है। जानकारी के अनुसार राजबीर गुरुग्राम के सिकोपुर गांव का रहने वाले हैं। वह गुरुग्राम शहर में अपनी पत्नी-बेटे के साथ रहते था। उनकी हत्या बुधवार देर रात को हुई। तब घर में राजबीर, उनकी पत्नी और एक बेटा मौजूद था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। सेक्टर 10 थाना पुलिस ने राजबीर के भाई की शिकायत पर आर्म्स एक्ट 25, 120बी और 302 के तहत केस दर्ज करके मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। राजबीर के बड़े भाई सतबीर सिंह के अनुसार गुरुवार सुबह तकरीबन साढ़े 6 बजे उन्हें इसकी सूचना मिली थी। जब उन्होंने अस्पताल में जाकर देखा तो उनके भाई की मौत हो चुकी थी। सतबीर के अनुसार उनका बेटा अनु उर्फ यश यादव अपने पिता पर दबाव बनाता था कि गांव वाली दादा लाई जमीन उसके नाम कराए। राजबीर की पत्नी का कहना है कि गोली उसने मारी है। सतबीर ने पुलिस से अपने भाई की मौत का इंसाफ मांगा है। जीआरपी राजबीर की मौत की असली वजह पुलिस की पूरी जांच के बाद पता चलेगी।

# भारत ने श्रीलंका को 302 रन से हराया

## विश्व कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

**मुंबई,एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर वर्ल्ड कप 2023 का 33वें मैच में भारत ने श्रीलंका को 302 रनों से परास्त किया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 357 रन बनाए। टीम की ओर से शुभमन गिल ने 92 और विराट कोहली ने 88 रन की शानदार पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए। गेंदबाजी में श्रीलंका की ओर से दिलशान मधुशंका ने पांच विकेट झटके।

भारत ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। टीम ने 2007 में बरमूडा को 257 रन से हराया था। भारत ने इस वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीता है और सेमीफाइनल में सबसे पहले जगह पक्की की है। भारत के 7 मैचों में 14 अंक हो गए और टीम टूर्नामेंट में अजेय है। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5 मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिए। एक विकेट स्पिनर रवींद्र जडेजा को मिला। इनसे पहले शुभमन गिल (92 बॉल पर 92 रन), विराट कोहली (94 बॉल पर 88 रन) और श्रेयस अय्यर (56 बॉल पर 82 रन) शतक बनाने से चूक गए। टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने इस वर्ल्ड कप में पहली बार 350+ का स्कोर खड़ा किया।

# पानीपत को स्थापित हुई बॉक्सिंग एकेडमी

**पानीपत जिले का बॉक्सिंग में इस समय दूसरा स्थान है और यहां भिवानी के बाद सबसे ज्यादा खिलाड़ी हैं**

**भरोसा मित्र**

**पानीपत।** बॉक्सिंग में खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें बॉक्सिंग एकेडमी के रूप में सौगात दी है।

बता दें कि इससे पहले एक एकेडमी भिवानी जिले को दी गई है। दूसरी पानीपत और तीसरी मेवात को मिली है।देखा जाए तो पानीपत जिले का बॉक्सिंग में इस समय दूसरा स्थान है। सबसे ज्यादा खिलाड़ी भिवानी के बाद पानीपत में जिले में है। शहर के शिवाजी स्टेडियम में बने बॉक्सिंग केंद्र में लगभग 150 खिलाड़ी सुबह-शाम प्रैक्टिस के लिए आते हैं।



अब इस बॉक्सिंग सेंटर से 7 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और 15 राष्ट्रीय खिलाड़ी और लगभग 50 राज्य स्तरीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेष बात यह है कि विश्व विख्यात खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी पानीपत के इसी शिवाजी स्टेडियम में प्रैक्टिस किया करते थे। इसी शिवाजी स्टेडियम में बॉक्सिंग सेंटर को चला रहे बॉक्सिंग के कोच सुनील बताते हैं कि इस केंद्र से कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकल चुके हैं। इस सेंटर की यक्षिका और गौरव सैनी दो बार एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा इस बॉक्सिंग सेंटर से विंका वर्ल्ड चैम्पियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट मिलन देशवाल इंटरनेशनल बॉक्सर का खिताब हासिल कर चुके हैं।यह एकेडमी भविष्य के मुक्केबाजों को तराशने का काम कर रही है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।